mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-29 अंक-50 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

20 फरवरी 2025 गुरुवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



भारत- पाकिस्तान मैच...

@ पेज 7

# रेलवे भर्ती घोटाला: हर उम्मीदवार से 4-5 लाख रुपये की रिश्वत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रेलवे भर्ती घोटाले को लेकर रेलवे में विभागीय परीक्षा पास कराने के लिए रिश्वत का मामला सामने आया है। इस भर्ती घोटाले

### ● CBI ने कई अफसरों पर दर्ज किया केस

को लेकर आज ष्टक्चढ्ढ ने कई अफसरों पर केस दर्ज किया है। सीबीआई ने यह मामला वडोदरा, मुंबई और अन्य जगहों के रेलवे अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। रेलवे में विभागीय परीक्षा पास कराने के लिए रिश्वत लेने का मामले में अंकुश वासन (ढ्ढक्रक्क, वेस्टर्न रेलवे, वडोदरा), संजय कुमार तिवारी (डिप्टी चीफ कमर्शियल मैनेजर, चर्चगेट, वेस्टर्न रेलवे, मुंबई) नीरज सिन्हा (डिप्टी सुपरिटेंडेंट) और मुकेश मीणा समेत कई अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

ष्टक्चढ्ढ से मिली जानकारी के मुताबिक, कुल 10 उम्मीदवारों की सूची बनाई गई जो पैसे देकर परीक्षा पास करना चाहते थे। हद तो यह है कि हर उम्मीदवार से 4-5 लाख रुपये की रिश्वत वसूली जा चुकी है। अधिकारियों ने लेन-देन का रिकॉर्ड न रहे इसलिए कैश की जगह सोने में लेन-देन किया गया। सीबीआई ने जांच में पाया है कि अंकुश वासन ने संजय कुमार तिवारी को 10 उम्मीदवारों की लिस्ट बनाने को निर्देश दिया था जो पश्चिम रेलवे द्वारा आयोजित होने वाले आगामी समिति विभाग परीक्षा में सेलेक्शन के लिए रिश्वत देने को तैयार हो जाएं। अंकुश ने संजय से यह भी कहा था कि वह मुकेश मीना से कॉन्टैक्ट में रहकर यह पता लगाए कि अभी ऐसे कितने उम्मीदवार तैयार हैं ताकि उनसे पैसे लिए जा सकें। इसके बाद संजय कुमार तिवारी ने मुकेश मीना से इच्छुक उम्मीदवारों को लेकर जानकारी जुटाई। मुकेश मीना ने बताया कि वह पहले ही ऐसे 5 उम्मीदवारों से पैसे ले चुका है।इसके बाद वे इस बात पर सहमत हुए कि जुटाई गई रिश्वत सीधे मुकेश मीना की ओर से पर्सनली एसके तिवारी को सौंपी जाएगी और इसमें कोई भी मीडिएटर नहीं होना चाहिए। इसके बाद अंकुश वासन और एसके तिवारी के बीच इस पर बात हुई। अंकुश वासन ने संजय तिवारी को मुकेश मीना के आनंद पहुंचने पर मुकेश से पैसे जुटाने का निर्देश दिया। नीरज सिन्हा ने संजय को इसके बारे में जानकारी दी कि उन्होंने सेलेक्शन के लिए पैसे देने के लिए 4 लोगों की व्यवस्था कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### इमरान खान की अयोग्यता रद्द करने का प्रस्ताव तैयार

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के नेता इमरान खान के एक प्रमुख सहयोगी ने दावा किया है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री को उनकी अयोग्यता रद्द करने के लिए एक प्रस्ताव दिया जा रहा है। यह बात उन खबरों के बीच कही जा रही है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) सरकार के साथ



पिछले दरवाजे से बातचीत करना चाहती है। 'द न्यूज' की खबर के अनुसार, सुन्नी इत्तेहाद कार्उंसिल (एसआईसी) के प्रमुख साहिबजादा हामिद रजा ने मंगलवार को 'जियो न्यूज' के कार्यक्रम ''कैपिटल टॉक'' के दौरान यह दावा किया। रजा ने कहा, ''पीटीआई संस्थापक ने सरकार के साथ बातचीत के दौरान किसी भी पार्टी नेता की रिहाई की मांग नहीं की। लेकिन वास्तव में, तीन महीने के भीतर उनकी अयोग्यता को रद्द करने का प्रस्ताव दिया जा रहा है।'' उनकी यह टिप्पणी एक उच्च पदस्थ सूत्र द्वारा 'द न्यूज' को दिए गए उस बयान के बाद आई है जिसमें कहा गया था कि 'पीटीआई' एक बार फिर सत्ता प्रतिष्ठान के साथ गुप्त वार्ता की कोशिश कर रही है। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने पहले तोशाखाना मामले में निचली अदालत के फैसले के बाद खान को अगस्त 2023 या पांच साल तक किसी भी सार्वजनिक पद पर रहने से अयोग्य घोषित कर दिया था।

### 'मच्छर' को जिंदा या मुर्दा लाने पर इनाम का ऐलान



**फिलीपीन(एजेंसी)।** दुनिया के विभिन्न देशों में मच्छरों का आतंक देखने को मिलता रहता है। मच्छरों के काटने से डेंगू समेत कई बीमारियां सामने आती हैं। मच्छरों को मारने या भगाने के लिए लोग अलग-अलग तरकीबें भी अपनाते रहते हैं। लेकिन क्या आपने कभी ये सुना है कि मच्छरों को जिंदा या मुर्दा लेकर आने पर इनाम दिया जाएगा। दरअसल, एशियाई देश फिलीपीन के एक गांव में ऐसी ही घोषणा की गई है। आइए जानते हैं इस अनोखे ऐलान के बारे में सबकुछ। फिलीपीन के राजधानी क्षेत्र मांडलुयोंग शहर के एडिशन हिल्स गांव ने मच्छरों से निपटने का अनोखा तरीका अपनाया है। इसके तहत मच्छर को जिंदा या फिर मुर्दा लाने पर लोगों को इनाम दिया जाएगा। इस क्षेत्र के पास के शहर क्यूज़ोन में हफ्ते के आखिर में मच्छरों के कारण फैलने वाली बीमारी के प्रकोप की घोषणा हो गई है जिस कारण लोगों की चिंताएं काफी बढ़ गई हैं। इसी कारण एडिशन हिल्स गांव ने ये अनोखा ऐलान किया है। फिलीपीन के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, साल 2025 में एक फरवरी तक देश में डेंगू के कम से कम 28,234 केस सामने आए हैं। बीते साल की तुलना में ये 40 फीसदी ज्यादा है। क्यूज़ोन शहर में मृतकों की संख्या 10 पहुंच गई है। इसके बाद शनिवार को डेंगू के प्रकोप की घोषणा कर दी गई। शहर में 1750 से ज्यादा लोग डेंगू से पीड़ित हैं जिनमें ज्यादातर बच्चे हैं।

## शादी के दिन हार्ट अटैक का नाटक करके सहेली के साथ फरार दुल्हन

**मुजफ्फरनगर (एजेंसी)।** यूपी के मुजफ्फरनगर से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां शादी के दिन हार्ट अटैक से मौत का नाटक कर एक दुल्हन फरार हो गई, जिसे पुलिस ने झांसी के पास एक आश्रम से गिरफ्तार कर लिया। मुजफ्फरनगर पुलिस अब युवती से पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की जांच में जुटी है। बताया जाता है कि दुल्हन अपनी महिला मित्र के साथ फरार हुई थी।



नई मंडी थाना क्षेत्र के शांतिनगर निवासी डॉक्टर भारत भूषण के पुत्र विजय भूषण की शादी झांसी निवासी सुषमा शर्मा के साथ तय हुई थी। शादी का समारोह मुजफ्फरनगर के नाथ फॉर्म में आयोजित किया गया था। शादी से ठीक पहले, दुल्हन सुषमा के ब्यूटी पार्लर में हार्ट फेल होने से मौत की खबर आग की तरफ फैल गई। इसके बाद शादी का माहौल मातम में तब्दील हो गया। इस मामले में चौंकाने वाला मोड़ तब आया जब पुलिस ने दुल्हन सुषमा को झांसी के पास एक आश्रम से बरामद कर लिया। शुरुआती जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि दुल्हन ने हार्ट अटैक का नाटक कर अपनी सहेली के साथ फरार होने की योजना बनाई थी। पुलिस ने युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इस साजिश में कोई और व्यक्ति शामिल था और फरारी के पीछे असली वजह क्या थी। इस सनसनीखेज मामले से पूरे शहर में चर्चाओं का दौर जारी है, और पुलिस जल्द ही पूरे रहस्य से पर्दा उठाने की तैयारी में है। मुजफ्फरनगर पुलिस का कहना है कि परिजनों द्वारा दुल्हन के अपहरण होने की तहरीर पुलिस को दी गई थी, जिस पर पुलिस ने दुल्हन सुषमा को बरामद कर लिया है और पूछताछ के बाद पुलिस दुल्हन सुषमा को बयान दर्ज करने के लिए कोर्ट में पेश करेगी। इस घटना की जानकारी देते हुए सीओ नई मंडी रुपाली राव ने बताया कि 18 फरवरी को थाना नई मंडी में एक दुल्हन के अपहरण की सूचना प्राप्त हुई थी।

**दिल्ली के उपराज्यपाल से की मुलाकात**

## रेखा गुप्ता ने सरकार बनाने का दावा किया पेश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली को अपना नया मुख्यमंत्री मिल चुका है। भाजपा विधायक दल की बैठक में रेखा गुप्ता को नेता चुना गया है। रेखा गुप्ता 20 फरवरी को रामलीला मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी। ऐसे में रेखा गुप्ता और भाजपा के अन्य नेता आज दिल्ली में उपराज्यपाल से मिले। एलजी से मिलकर रेखा गुप्ता ने सरकार बनाने का दावा पेश किया है। दिल्ली एलजी ने एक्स पर लिखा, %दिल्ली विधानसभा में भाजपा विधायक दल की नेता रेखा गुप्ता ने राज निवास में माननीय उपराज्यपाल श्री वी.के. सक्सेना से मुलाकात की और दिल्ली की नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। उपराज्यपाल ने दावा स्वीकार कर लिया और उन्हें नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया।

## यूपी के जेल में बंद कैदियों के भी धुलेंगे पाप



**उत्तरप्रदेश (एजेंसी)।** एक अनूठी और आध्यात्मिक पहल के तहत, उत्तर प्रदेश की जेलों में बंद कैदियों को प्रयागराज के संगम के पवित्र जल से स्नान करने का अवसर मिलेगा, जहां महाकुंभ चल रहा है। राज्य का जेल प्रशासन कैदियों के लिए संगम से पवित्र जल लाने की खातिर विशेष व्यवस्था कर रहा है, ताकि वे इस आयोजन में भाग ले सकें। जेल मंत्री दारा सिंह चौहान के कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, विशेष कार्यक्रम 21 फरवरी को सुबह 9॰30 से 10॰00 बजे तक होगा। इस दौरान, राज्य भर की सभी 75 जेलों में बंद कैदियों को संगम से लाए गए जल में स्नान की अनुमति दी जाएगी। इसमें सात केंद्रीय कारागार और 68 जिला कारागार शामिल हैं। जेल महानिदेशक (डीजी) पीवी रामशास्त्री ने पुष्टि की कि मंत्री दारा सिंह चौहान की देखरेख में व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी जेलों में संगम का जल लाया जाएगा और कैदी प्रार्थना के बाद, जेल परिसर में विशेष रूप से स्थापित कलश (छोटा टैंक) में पवित्र जल और नियमित जल के मिश्रण से स्नान करेंगे। जेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में उप्र की जेलों में 90,000 से अधिक कैदी बंद हैं।

## शिवाजी जयंती पर राहुल गांधी के बयान पर भड़क गए एकनाथ शिंदे

**छत्रपति शिवाजी की जयंती पर ट्वीट कर के मुश्किल में फंस गए**

**मुंबई (एजेंसी)।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर साल 19 फरवरी को मनाई जाती है। महाराष्ट्र समेत पूरे भारत में उन्हें आदर से याद किया जाता है। पीएम मोदी समेत विभिन्न नेताओं ने छत्रपति शिवाजी को उनकी जयंती पर नमन किया है। हालांकि, कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी छत्रपति शिवाजी की जयंती पर ट्वीट कर के मुश्किल में फंस गए हैं। दरअसल, उन्होंने अपने ट्वीट में छत्रपति शिवाजी को श्रद्धांजलि दी है। राहुल गांधी की इस गलती को लेकर महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने राहुल गांधी पर निशाना साधा है। छत्रपति शिवाजी की जयंती पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट करते हुए कहा- ÷छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन और अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। अपने साहस और शौर्य से उन्होंने हमें निडरता और पूरे समर्पण के साथ आवाज़ उठाने की प्रेरणा दी। उनका जीवन हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राहुल गांधी के छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि देने पर कहा- ÷राहुल गांधी ने जानबूझकर ये गलती की है वह हमेशा महाराष्ट्र के महापुरुषों का अपमान करते है । वीर सावरकर का भी अपमान



करते है। उन्हें माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी ने सिर्फ छत्रपति शिवाजी महाराज नहीं बल्कि पूरे महाराष्ट्र और शिवप्रमियो का अपमान किया है। एकनाथ शिंदे ने आगे कहा- ÷स्वरा भास्कर हो या कमाल खान या राहुल गांधी जो जो महापुरुषों का अपमान कर रहे है उन सब की निंदा करता हूँ। राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर महाराष्ट्र भाजपा के नेता प्रसाद लाड ने भी नाराजगी जाहिर करते हुए राहुल गांधी पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। प्रसाद लाड ने कहा- ÷राहुल गांधी पर देशद्रोह का अपराध चले। जब हिंदुस्तान के आराध्य देवता छत्रपति शिवाजी के जन्मदिन पर अभिवादन और आदर देने की उम्मीद है ऐसे में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने श्रद्धांजलि के शब्द का उपयोग करते हुए महाराष्ट्र और मराठी लोगों की अवमानना की ??है। राहुल गांधी को तुरंत ट्वीट वापस लेना चाहिए और महाराष्ट्र से माफी मांगनी चाहिए।÷

## रमजान में दफ्तर में छूट देने की मांग

**तेलंगाना के बाद महाराष्ट्र में भी सियासत तेज**

**महाराष्ट्र (एजेंसी)।** तेलंगाना और आंध्र प्रदेश सरकार ने मुस्लिम कर्मचारियों को 2 मार्च से 30 मार्च तक रमजान के दौरान दफ्तर से एक घंटा पहले निकलने की अनुमति दी है। सरकार ने इन राज्यों में मुस्लिम सरकारी कर्मचारियों को रमजान के दौरान शाम 4 बजे काम छोड़ने की अनुमति दी है। तेलंगाना में कांग्रेस सरकार के इस फ़ैसले के बाद महाराष्ट्र में भी सियासत तेज हो गई है।

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अबू आजमी और ढ्ढरूढ्ढरू के नेता वारिस पठान ने भी महाराष्ट्र सरकार से ऐसे ही फैसले की मांग की है। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अबू आज़मी और ढ्ढरूढ्ढरू के नेता वारिस पठान ने भी महाराष्ट्र सरकार से मांग की है की तेलंगना सरकार के फ़ैसले को महाराष्ट्र में भी लागू करना चाहिए और असेंबली सेशन के दौरान विधायकों को जल्दी फ्री किया जाना चाहिए ताकि वो रमजान के दिनचर्या को ठीक से निभा सके और अपने अल्लाह से महाराष्ट्र की उन्नति के लिए दुआ कर सके। तेलंगाना सरकार के इस फैसले के बाद महाराष्ट्र में




शिवसेना और बीजेपी इस फैसले को तुष्टिकरण की राजनीति बता रही है। महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने कहा- ÷महाराष्ट्र में हिंदूवादी सोच की सरकार है। यहां कोई भी तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करेगा और करना भी नहीं चाहिए। जैसे की बाक़ी बच्चो को संडे को छुट्टी होती है तो मदरसा को शुक्रवार को छुट्टी क्यों मिलना चाहिए। क्या हमारे देश में अलग पाकिस्तान है क्या? या फिर यहां अलग इस्लाम राष्ट्र है। ये सारा चीज़ हमारे देश और हमारे राज्य में हम नहीं सहेंगे।÷

तेलंगाना सरकार ने रमजान के महीने में मुस्लिम कर्मचारियों को रमजान के महीने के दौरान एक घंटे पहले दफ्तर या स्कूल से बाहर निकलने की छूट होगी। सरकारी आदेश में कहा गया है कि यह छूट 2 मार्च से 31 मार्च 2025 तक लागू रहेगी। यह आदेश सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ कॉन्ट्रैक्ट, आउटसोर्सिंग, बोर्ड और पब्लिक सेक्टर के मुस्लिम कर्मचारियों पर भी लागू होगा।

## अंतरिक्ष से धरती की ओर बढ़ रही चट्टान

**नासा ने बताया खतरा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पृथ्वी की ओर तेजी से एक बड़ा खतरा बढ़ रहा है। अमेरिका की स्पेस एजेंसी ह्लस्न ने इसे लेकर अपना एक बयान जारी किया है। बयान में नासा ने कहा कि चट्टान या कहें एस्टेरॉयड इतना खतरनाक है कि यह किसी भी शहर को खत्म कर सकता है। इस चट्टान के साल 2032 तक धरती से टकराने की आशंका 3.1 फीसदी है। हालांकि एजेंसी की तरफ से यह भी कहा गया कि इसे लेकर बहुत ज्यादा घबराने की जरूरत अभी नहीं है। नासा ने इस एस्टरॉइड का नाम 2024 ङ्घक्र४ रखा है। आगे कहा कि अगले माह से 2024 ङ्घक्र४ एस्टेरॉयड की निगरानी जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप करेगा। एक न्यूज एजेंसी से इस पर बात करते हुए प्लेनेटरी सोसाइटी के चीफ साइंटिस्ट ब्रूस बेट्स ने कहा कि मैं घबराया हुआ नहीं हूं, पर यह स्वाभाविक है कि जब किसी एस्टाराइड के पृथ्वी से टकराने की आशंका में वृद्धि होती



है तो आप खुश भी नहीं हो सकते है। आगे कहा कि जैसे-जैसे हमारे पास इससे जुड़ा डाटा सामने आएगा इसके टकराने की संभावना भी शून्य हो जाएगी। जानकारी दे दें कि पहली बार 2024 ङ्घक्र४ एस्टेरॉयड का पता पिछले साल 27 दिसंबर को चिली के श्वद्य स्ब्रह्वद्ग ह्लद्यह्म्1 ड्डह्वशह्4 के द्वारा लगा था। साइंटिस्ट को लगता है कि इसकी चमक के आधार पर इसका आकार 130 से 300 फीट (40-90 मीटर) चौड़ा है। इसके चमक के संकेतों की एनालिसिस कर बताया गया कि कि यह एक दुर्लभ धातु से बना हुआ है।

साइंटिस्ट्स का मानना है कि अगर इसकी टक्कर पृथ्वी से होती है तो एक बड़ा ब्लास्ट हो सकता है। ब्लास्ट की पावर 8 मेगाटन ञ्जहृञ्ज (हिरोशिमा के एटम बम से 500 गुना ज्यादा) होने की आशंका लगाई जा रही है। साथ ही बताया गया कि भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथियोपिया, सूडान, नाइजीरिया, वेनेजुएला, कोलंबिया और इक्वाडोर पर इस एस्टोराइड के गिरने की आशंका है।

इंटरनेशनल एस्टेरॉयड वार्निंग नेटवर्क ने 29 जनवरी को इस एस्टेरॉयड को लेकर एक चेतावनी जारी की थी। उस समय इसके धरती से टकराने की आशंका 1 फीसदी थी।

## महाकुंभ में महिलाओं की नहाते और कपड़े बदलते वक्त की वीडियो हो रही अपलोड

**महाकुंभ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में भव्य महाकुंभ का आयोजन जारी है। लाखों-करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में स्नान कर रहे हैं। हालांकि, इस बीच एक शर्मनाक कृत्य की खबर भी सामने आ रही है। दरअसल, महाकुम्भ में स्नान करने आई महिलाओं की नहाते एवं कपड़े बदलते समय की वीडियो सोशल पर अपलोड करने का मामला सामने आया है। इस मामले का संज्ञान लेते हुए यूपी पुलिस ने



बड़ी कार्रवाई की है। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार के निर्देशन में सोशल मीडिया पर महाकुम्भ से सम्बन्धित आपत्तिजनक पोस्ट एवं अफवाह फैलाने वालों को लगातार चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई कराई जा रही है। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान यह संज्ञान में आया कि सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से महाकुम्भ में स्नान करने आई महिलाओं की नहाते एवं कपड़े बदलते समय की वीडियो सोशल पर अपलोड की जा रही है, जो महिलाओं की निजता और गरिमा का स्पष्ट उल्लंघन है।

## मुख्यमंत्री 21 फरवरी को प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अंतरित करेंगे लैपटॉप की राशि

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 21 फरवरी को प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खाते में लैपटॉप की राशि अंतरित करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम प्रात: 10-30 बजे भोपाल के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में होगा। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा वर्ष 2023-24 में कक्षा 12 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सिंगल क्लिक से उनके बैंक खातों में 224 करोड़ रूपये की राशि भी अंतरित करेंगे। ये विद्यार्थी वर्तमान में उच्च शिक्षा संस्थान में अध्ययन कर रहे हैं। प्रत्येक प्रतिभाशाली विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लैपटॉप खरीदने के लिये दी जा रही है।

## महाकुंभ में जाने से पहले स्थिति पर नजर रखें, सामान्य स्थिति में ही करें यात्रा - मुख्यमंत्री

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार प्रयागराज महाकुंभ में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार प्रयागराज महाकुंभ के मद्देनजर सीमावर्ती जिलों में प्रयागराज स्नान के लिये जाने वाले श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। महाकुंभ यात्रा में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो एवं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीमावर्ती जिला कलेक्टर्स को सजग एवं सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जारी अपने संदेश में महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपनी यात्रा प्रारंभ करने से पहले भीड़/जाम की स्थिति पर नजर बनाए रखें और आवागमन के रास्तों की जानकारी पहले से ही जुटा लें। अगर यात्रा असुविधाजनक हो तो यात्रा कुछ दिन के लिए स्थगित करें और मार्ग ठीक होने पर ही आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि यद्यपि सरकार श्रद्धालुओं के लिए सभी चौक-चौबंद व्यवस्थाएं कर रही है, तथापि श्रद्धालु कुछ जरूरी सामान साथ लेकर भी चलें, जिससे अगर रास्ते में कहीं रुकना पड़े, तो किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

## हमारी युवा पीढ़ी योग्य और जिम्मेदार है- राज्यमंत्री गौर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि %हमारी युवा पीढ़ी योग्य और जिम्मेदार है। युवा पीढ़ी में राष्ट्र के प्रति अटूट भक्ति भी है और दुनिया को जीतने का जोश भी है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने मंगलवार को नेहरू युवा केंद्र और भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित सीमावर्ती राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के समापन अवसर पर छात्रों को संबोधित कर रही थीं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि निश्चित रूप से युवाओं की सोच, आपका चिंतन, आपका विचार, आपका दृष्टिकोण इस भारतवर्ष को नई दिशा देने का काम करता है, इसलिए आप अपने संस्कृति और परंपराओं के साथ देश की माटी से जुड़े रहें। यह वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में नेहरू युवा केंद्र और भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा सीमावर्ती राज्यीय कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। सीमावर्ती राज्यों की चुनौतियां भी बहुत होती है। कार्यक्रम में पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, राजस्थान और पंजाब से आए छात्रों ने अपने अनुभव भी मंच से साझा किए। इस दौरान भोपाल नगर निगम के अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, नेहरू युवा केंद्र की जिला अधिकारी श्रीमती निक्की राठौर, श्री प्रदीप देशमुख और विभिन्न राज्यों से आए छात्र मौजूद रहे।

## आरडीएसएस में लापरवाही करने वाले कांट्रेक्टर्स को करें ब्लैक-लिस्ट

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** आरडीएसएस (रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम) के कार्यों में लापरवाही करने वाले कांट्रेक्टर्स को वार्निंग देकर ब्लैक-लिस्ट करने की कार्यवाही करें। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी अंतर्गत स्वीकृत आरडीएसएस के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये। श्री तोमर ने कहा कि स्कीम के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा प्रतिमाह करें। आवश्यकतानुसार पेनाल्टी लगायें। उन्होंने अधिकारियों से भी पूछा कि कार्यों में देरी पर आपके द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि टेण्डर की शर्तों का पूरी तरह से पालन करना सुनिश्चित करें। बिजली खम्बों में निर्धारित रंग के साथ ही थिकनेस आदि पर कोई समझौता नहीं होना चाहिये। श्री तोमर ने कहा कि टेण्डर की शर्तों का पालन कराने की जिम्मेदारी अधिकारियों की है। उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता की जाँच के लिये नियुक्त थर्ड पार्टी की रिपोर्ट की भी जाँच करें। गलत रिपोर्ट मिलने पर थर्ड पार्टी के विरुद्ध भी कार्यवाही करें। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि जिन घरों में स्मार्ट मीटर लग गये हैं, उनकी बिलिंग समय पर हो। देरी से बिलिंग होने पर बिल के स्लैब में परिवर्तन नहीं होना चाहिये। मध्य क्षेत्र में अभी तक एक लाख 22 हजार स्मार्ट मीटर लगाये जा चुके हैं।

# प्रदेश में व्यापक स्तर पर मनाए जाएंगे महाशिवरात्रि और गुड़ी पड़वा पर्व

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों की साज-सज्जा सहित विविध आयोजन होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 30 मार्च को गुड़ी पड़वा पर्व पर भी बड़े स्तर पर कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि महाशिवरात्रि से विक्रमोत्सव प्रारंभ होगा। इस वर्ष भी जल गंगा अभियान संचालित किया जाएगा। इस वर्ष जल गंगा अभियान और वॉटर शेड कार्यक्रम के साथ दीर्घ अवधि तक चलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक प्रारंभ होने के पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 17 फरवरी को चंबल नदी के निकट घड़ियाल अभ्यारण्य का उन्होंने अवलोकन किया। इस अवसर पर 10 घड़ियाल चंबल नदी में छोड़े गए। प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। देश में सर्वाधिक घड़ियाल चंबल के घड़ियाल अभ्यारण्य में हैं। यहाँ पर्यटकों को



आकर्षित करने के लिए नई सुविधाएं प्रारंभ की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अभ्यारण्य को पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण केन्द्र बताया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में किसान कल्याण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। चाहे किसानों को धान और अन्य फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि का विषय हो या प्रति हेक्टेयर फसलों के लिए प्रोत्साहन राशि देने का विषय हो, इस संबंध में निकट भविष्य में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। किसानों का कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजनाओं की स्वीकृति के बाद मध्यप्रदेश तीसरी बड़ी नदी जोड़ो परियोजना से लाभान्वित होगा। यह परियोजना ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना होगी, जिससे महाराष्ट्र राज्य भी लाभान्वित होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में जल संग्रहण, वॉटर रिचार्ज और सिंचाई क्षेत्र के विस्तार की दिशा में ऐतिहासिक कार्य हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना एक अनूठी परियोजना होगी जो पृथ्वी के गर्भ में जल भंडारण का कार्य भी करेगी। इस परियोजना से जल स्तर ऊपर आएगा। मध्यप्रदेश के खण्डवा और बुरहानपुर जिलों के सवा लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का विस्तार होगा।

परियोजना के संबंध में शीघ्र ही महाराष्ट्र के साथ करारनामा किया जाएगा।

## बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में इण्डियन बॉयसन (गौर) का पुनर्विस्थापन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** वन विभाग एवं भारतीय वन्य-जीव संस्थान देहरादून द्वारा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 20 से 24 फरवरी तक 50 बॉयसन गौर का पुनर्विस्थापन किया जायेगा। पुनर्विस्थापन का कार्य दो चरणों में किया जायेगा। कान्हा टाइगर रिजर्व से वर्ष 2011-12 में 50 बॉयसन (गौर) बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में पुनर्विस्थापित किये गये थे। वर्तमान में इनकी संख्या 170 से अधिक हो गयी है। क्षेत्र संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम ने बताया कि लगभग 13 वर्ष के बाद बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व को बॉयसन (गौर) की संख्या में अनुवांशिक सुधार के लिये यह निर्णय लिया गया है। भविष्य में मध्य भारतीय परिदृश्य अंतर्गत बॉयसन (गौर) को संरक्षित रखने में यह कदम एक मील का पत्थर साबित होगा।



## कूनो नेशनल पार्क में चीता मित्र सम्मेलन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** कूनो नेशनल पार्क श्योपुर में सेसईपुरा में चीता मित्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में 100 चीता मित्र शामिल हुए। चीता मित्रों से वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने चर्चा की। चीता मित्रों द्वारा परियोजना से जुड़े अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किये। सम्मेलन में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, आईजी-एनटीसीए, क्षेत्रीय निदेशक और टाइगर रिजर्व के उप निदेशक उपस्थित थे। श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीका से चीता पुन- प्रवेश




के दो सफल वर्षों की पूर्णता के अवसर पर 17-18 फरवरी, 2025 को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में चीता प्रोजेक्ट की परिचयात्मक प्रस्तुति और परियोजना के तहत किये गये कार्यों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया गया। कार्यशाला के बाद फील्ड विजिट भी किया गया। इसमें प्रतिभागियों ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान के मैदानी कर्मचारियों के साथ चर्चा की। कार्यशाला में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारी, क्षेत्रीय निदेशक और टाइगर रिजर्व के उप निदेशक शामिल हुए।

# प्रदेश में रेलवे-सड़क मार्गों से जुड़ी सभी एजेंसी समन्वय बनाकर बेहतर व्यवस्था रखें

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने मंगलवार को मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस से प्रदेश में रेलवे-सड़क मार्गों से जुड़ी सभी एजेंसियों को समन्वय बनाकर यातायात व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह विभाग श्री जे.एन. कंसोटिया, सचिव गृह श्री गौरव राजपूत और परिवहन सचिव श्री मनीष सिंह मौजूद थे। मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रेलवे, कमिश्नर, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों से जिलों में की गयी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि आगामी दिनों में



महाशिवरात्रि को देखते हुए प्रयागराज से जुड़े मार्गों पर भीड़ का दबाव बना रहेगा। उन्होंने कहा कि व्यवस्था से जुड़ी एजेंसियों के बीच समन्वय के लिये सेंट्रल कंट्रोल-रूम की व्यवस्था हो, जहाँ महत्वपूर्ण सूचनाओं का आदान-प्रदान हो सके। उन्होंने कहा कि भीड़ और यातायात प्रबंधन के लिये पुलिस और रेलवे फोर्स के साथ वॉलेंटियर्स का सहयोग लिया जाये। उन्होंने भीड़ के दबाव को कम करने के लिये जिलों में की गयी होल्डिंग सेंटर की व्यवस्था की जानकारी ली। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि रेलवे स्टेशनों के पास बेरीकेड्स लगाकर व्यवस्था की जाये। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से कहा कि रेलवे स्टेशनों पर ट्रेन की क्षमता के अनुसार यात्रियों का प्रवेश सुनिश्चित हो। रेलवे स्टेशनों में यात्रियों की सुविधा के लिये ऐनाउंसमेंट की स्पष्ट सुविधा हो। स्टेशन प्लेटफार्म पर यात्रियों के खान-पान के साथ सुलभ सुविधा की व्यवस्था हो। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रेलवे स्टेशनों में यात्रा टिकिट या प्लेटफार्म टिकिट के बाद ही यात्रियों को प्रवेश दिये जाने की व्यवस्था की गयी है। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि सड़क मार्ग पर यातायात के दबाव पर सतत निगरानी रखी जाये। होल्डिंग सेंटर पर यात्रियों की सुविधा के लिये स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ मिलकर खान-पान की व्यवस्था के साथ अन्य आवश्यक व्यवस्था हो। उन्होंने प्रदेश की सड़कों के ब्लैक-स्पॉट पर आवश्यक निर्देश और रोशनी की व्यवस्था पर भी जोर दिया।

## प्रदेश के बाहर के व्यक्ति भी आनंदक के लिए करा रहे हैं पंजीयन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में आनंद विभाग संचालित किया जा रहा है। राज्य आनंद संस्थान जनता को आनंदित करने संबंधी गतिविधियों का निरंतर आयोजन कर रहा है। विभाग में अब तक 1 लाख 15 हजार 831 आनंदक पंजीकृत हो चुके हैं। आनंदक विभिन्न प्रशिक्षणों और गतिविधियों के माध्यम से जनता और शासकीय सेवकों को आनंदित करने का कार्य कर रहे हैं। प्रदेश के बाहर के व्यक्ति भी आनंद विभाग से जुड़ रहे हैं। प्रदेश के बाहर के 884 व्यक्तियों ने आनंदक के रूप में पंजीयन कराया है। आगर जिले के 1475, अलीराजपुर के 1292, अनूपपुर के 968, अशोकनगर के 2100, बड़वानी के 2352, बालाघाट के 2401, बैतूल के 2983, भिंड के 2831, भोपाल के 4829, बुरहानपुर के 600, छतरपुर के 2098, छिंदवाड़ा के 1560, दमोह के 1338, दतिया के 952, देवास के 2490,धार के 1896, डिंडोरी के 1046, व्यक्तियों ने आनंदक के लिए पंजीयन कराया है। गुना के 1739, ग्वालियर के 2183, हरदा के 1499, इंदौर के 2844, जबलपुर के 7284, झाबुआ के 1399, कटनी के 1975, खंडवा के 2328, खरगोन के 5222, मैहर के 2776, मंडला के 1977, मंदसौर के 1314, मऊगंज के 288, मुरैना के 2300, नर्मदापुरम के 2580, नरसिंहपुर के 1818, नीमच के 1328, निवाड़ी के 526,पांढुर्णा के 320, पन्ना के 2817, रायसेन के 1147, राजगढ़ के 1208, रतलाम के 2377, रीवा के 2381, सागर के 2084, सतना के 1622, सीहोर के 1473, सिवनी के 4421, शहडोल के 1547, शाजापुर के 1744, श्योपुर के 1255, शिवपुरी 3054, सीधी के 1451, सिंगरोली के 1160, टीकमगढ़ के 2123, उज्जैन के 2288, उमरिया के 1339 एवं विदिशा के 4606 व्यक्तियों ने आनंदक के लिए पंजीयन कराया है।

# एमएसएमई विकास नीति-2025 और स्टार्ट-अप पॉलिसी एवं कार्यान्वयन योजना-2025 के को मंजूरी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए म.प्र. एमएसएमई विकास नीति-2025 और स्टार्ट-अप पॉलिसी और कार्यान्वयन योजना-2025 को मंजूरी दी है। इससे प्रदेश में आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को नई गति मिलेगी। मध्यप्रदेश एमएसएमई विकास नीति-2025 के जरिए निवेश पर 40त्न तक की सहायता, नए उद्योगों में नवकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन, अनुसूचित जाति/जनजाति, महिला उद्यमी इकाई को 48त्न की सहायता और पिछड़े विकासखण्डों में 1.3 गुना सहायता का प्रावधान किया गया है। निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए भी एमएसएमई नीति के तहत विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। इस नीति में निर्यातक इकाई को निवेश पर 52त्न तक की सहायता, निर्यात हेतु माल ढुलाई पर अधिकतम 2 करोड़ रुपए की सहायता के साथ साथ निर्यात हेतु प्रमाण पत्र पर 50 लाख रुपए की सहायता का भी प्रावधान किया गया है। मध्यम इकाई को 100 से अधिक रोजगार देने पर डेढ़ गुना अनुदान दिया जाएगा। रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए प्रति कर्मचारी 5000 रुपए प्रति माह 5 वर्ष तक मदद की जाएगी। इसके साथ ही कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु 13000 रुपए की सहायता का भी नीति में प्रावधान है। सेवा क्षेत्र में पहली बार सहायता दी गई है। इसमें लॉजिस्टिक, रिसाईकलिंग, मोटर यान स्क्रेपिंग के साथ साथ आर एंड डी शामिल है। मेडिकल डिवाइस और फुटवियर के लिए पहली बार विशेष पैकेज भी दिया गया है। वहीं, इस नीति के तहत नवीन क्षेत्र को सहायता देने का भी प्रावधान किया गया है। जिसके तहत एमएसई एक्सचेंज, लीन इंजीनियरिंग, टेस्टिंग लैब, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर हेतु सहायता का भी प्रावधान किया गया है। एमएसएमई मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप ने एमएसएमई और स्टार्ट-अप नीति के मंजूर होने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव और मंत्रि-परिषद के सदस्यों का आभार व्यक्त किया हैं। उन्होंने कहा है कि मध्यप्रदेश के युवाओं के आईडियाज को इस नई नीति से नई उड़ान मिलेगी। उन्होंने बताया कि दोनों नीति से प्रगति समृद्धि और असीम संभावनाओं का एक नया अध्याय लिखा जाएगा। मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप पॉलिसी के अनुसार उत्पाद आधारित स्टार्ट-अप्स के लिये विशेष प्रावधान किए गए है। अब उन्हें विद्युत शुल्क से छूट के अलावा रोजगार सृजन प्रोत्साहन और विद्युत टैरिफ में प्रतिपूर्ति सहायता दिए जाने का प्रावधान किया गया है। इसी तरह स्टार्ट-अप्स के विकास के चारों चरण आईडिएशन, वैलिडेशन, अर्ली स्टेज और ग्रोथ के स्तर पर यानि युवाओं के आईडियाज को पंख देने के लिए नीति के माध्यम से हर स्तर पर सहायता की जाएगी। स्टार्ट-अप पॉलिसी के मुताबिक आंत्रप्रेन्योर इन रेसीडेंस के तहत प्रत्येक स्टार्ट-अप को 12 महीने तक की अवधि के लिए प्रतिमाह 10 हजार रूपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसी तरह वृहद स्तर पर निवेश के लिय 100 करोड़ रूपये का कैपीटल फंड स्थापित करने के साथ ही प्रति स्टार्ट-अप अधिकतम 30 लाख रूपये का सीड अनुदान दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

# राज्यमंत्री गौर ने भेल क्षेत्र में 3 करोड़ रुपए लागत की सड़कों के डामरीकरण का किया भूमि पूजन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने मंगलवार को गोविंदपुरा क्षेत्र में 3 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले सड़क डामरीकरण के कार्य का भूमि-पूजन किया। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गोविंदपुरा के नागरिकों की सुविधा और क्षेत्र के विकास के लिए हम सतत कार्य कर रहे हैं।

निरंतरता के साथ क्षेत्र की प्रगति के कार्य जारी हैं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों से कहा कि सड़क मरम्मत के कार्य को प्राथमिकता से करें। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने महात्मा गांधी चौराहा से पिपलानी पेट्रोल पंप



तक 2 किलोमीटर सड़क के डामरीकरण कार्य जिसकी लागत 1 करोड़ 61 लाख रुपए है और चेतकब्रिज चौराहा से अवधपुरी रोड तक 4 किलोमीटर में 1 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से होने वाले डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया।

उन्होंने कहा कि सेवंतिका पेट्रोल पंप से गोविंदपुरा थाने तक डामरीकरण तथा अन्नानगर से डीआरएम तक एक करोड़ 16 लाख की लागत से पेचवर्क का कार्य किया जाएगा। पार्षद श्रीमती मधु शवनानी, श्री वी शक्ति राव, श्री प्रताप बेस, श्री गणेश राम नागर, श्री शिवलाल मकोरिया, श्री नारायण परमार, श्री संजय शवनानी सहित जनप्रतिनिधि एवं रहवासी मौजूद रहे।

# एक दिन में तीन सड़क हादसे

## जीजा-साले समेत तीन की मौत, बस पलटने से 15 यात्री घायल, दो की हालत गंभीर





**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली में बुधवार को तीन अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। इन हादसों में कुल 15 लोग घायल हुए हैं।

पहला हादसा सरई थाना क्षेत्र के दुधमनिया गांव में हुआ। यहां एक बाइक सवार ने बुजुर्ग गंभीर प्रजापति को टक्कर मार दी। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चालक रोशन सिंह गंभीर रूप से घायल है। उसका बैढ़न के ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है।

दूसरा हादसा माडा थाना क्षेत्र के धनहरा बॉर्डर पर हुआ। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखी पीएचई पाइप लाइन से टकरा गई। इस हादसे में जीजा-साला राजपाल सिंह और अभिनरेश सिंह गौड़ की मौके पर मौत हो गई। दोनों राजमिलान से माडा की तरफ जा रहे थे।

तीसरा हादसा बरगवां थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 39 पर हुआ। रीवा से बैढ़न जा रही परिहार ट्रैवल्स की बस सजहर के जंगल में ब्रेक फेल होने से नाले में जा घुसी। इस हादसे में 10 से 15 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को बैढ़न के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

गौरतलब है कि मंगलवार को ही सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई थी। बैठक में सड़क हादसों को कम करने पर चर्चा की गई थी, लेकिन अगले ही दिन हुए इन हादसों ने सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# बेकाबू बाइक ने दो लोगों को मारी टक्कर

## घर के बाहर बैठी महिला और लड़की घायल, बाइक सवार फरार






**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले के कमर्जी थाना क्षेत्र के ग्राम बरिगवा में एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने दो लोगों को टक्कर मार दी। बुधवार शाम करीब 4 बजे की इस घटना में सुगंधा पटेल और आरती पटेल गंभीर रूप से घायल हो गईं।

घटना के समय दोनों अपने घर के बाहर बैठी थीं। एक अज्ञात बाइक सवार ने बेकाबू होकर उन्हें टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत जिला अस्पताल सीधी में भर्ती कराया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक अत्यधिक तेज गति में थी। संतुलन बिगड़ने से यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग की है।

कमर्जी थाना प्रभारी पवन सिंह के अनुसार दोनों घायलों की हालत चिंताजनक है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। फरार बाइक चालक की तलाश जारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

# बाइक ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौत

## बाइक राइडर घायल, सरई के दुधमनिया गांव के पास हुआ हादसा




**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली जिले की सरई इलाके के दुधमनिया गांव में एक तेज रफ्तार बाइक ने राह चलते बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। घटना बुधवार सुबह 11 बजे की है।

सरई थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह भदोरिया ने बताया कि रोशन सिंह(20) ने अपनी बाइक से गंभीर प्रजापति को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर प्रजापति की मौके पर ही मौत हो गई।

**बाइक राइडर बैढ़न के ट्रॉमा सेंटर में एडमिट:** बाइक राइडर रोशन सिंह भी गंभीर रूप से घायल हुआ। वह बाइक समेत दूर जा गिरा। उसके सिर में चोट आई है और एक पैर में फ्रैक्चर हो गया है। घायल रोशन को इलाज के लिए बैढ़न के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने रोशन सिंह के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया है। उसकी बाइक को जब्त कर लिया गया है। मृतक का पंचनामा और पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# दिनदहाड़े दो घरों से हुई चोरी, ब्यौहारी और अमलाई में 15 लाख के जेवरात चुराए, घर से बाहर था परिवार



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल जिले के ब्यौहारी और अमलाई थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े दो अलग-अलग घरों से 15 लाख रुपए से अधिक के जेवरात की चोरी हुई है। चोरों ने सूने घरों का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया।

**सेल्समैन के घर से हुई चोरी, परिवार रीवा गया था:** ब्यौहारी थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर एक में हुई चोरी का शिकार हरेंद्र सिंह का परिवार बना। हरेंद्र एक सेल्समैन हैं। उनके परिवार के सदस्य रीवा गए हुए थे। हरेंद्र भी सुबह 9 बजे रीवा चले गए थे। शाम को एक कुरियर वाले ने फोन कर बताया कि उनके घर का दरवाजा खुला है।

हरेंद्र ने पास के रिश्तेदार को भेजकर जांच करवाई। घर का ताला टूटा मिला और सामान बिखरा हुआ था। अलमारी से 7 तोला सोने के जेवर, 2 किलो चांदी के जेवर और 27 हजार रुपए नगद गायब थे।

**कालरी कर्मचारी के घर से चुराए 50 हजार:** अमलाई थाना क्षेत्र के रेलवे कॉलोनी ए/14 में रहने वाले दीप नारायण द्विवेदी के घर चोरी हुई है। दीप नारायण ने पुलिस से बताया कि वह कालरी कर्मचारी हैं। मंगलवार की सुबह 11 बजे परिवार को लेकर बरगवां एक शादी में शामिल होने गए थे, जब घर लौटे तो घर के सामने लगी खिड़की टूटी हुई थी और दरवाजा खुला था।

जब अंदर जाकर देखा तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था। पुलिस ने बताया कि दीप नारायण द्विवेदी के घर से पांच तोले सोने के जेवर, आधा किलो चांदी के जेवरात और नगद 50 हजार की चोरी हुई है। पुलिस ने बताया कि दोनों वारदातों में कुल 12 तोला सोना और ढाई किलो चांदी के जेवर चोरी हुए हैं। अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरों की तलाश के लिए स्पेशल टीम गठित की गई है।

# ट्रक से बचने सड़क किनारे गिरा बाइक सवार, हालत गंभीर, सिर, कान और आंख में चोटें



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले के कुर्रवाह गांव में ट्रक से बचने के चक्कर में बाइक सवार युवक सड़क किनारे गिर गया। उसके सिर, कान और आंख पर चोट आई है। हादसा बुधवार दोपहर करीब 2 बजे हुआ।

पुलिस के मुताबिक, गाड़ा गांव निवासी सानू केवट अपनी बाइक से जा रहा था, तभी सामने से एक तेज रफ्तार ट्रक आया। ट्रक से बचने के लिए सानू ने अपनी बाइक सड़क से नीचे उतार दी। इस दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गिर गया। स्थानीय लोगों ने घायल सानू को तुरंत चौकी अस्पताल पहुंचाया।

स्थानीय निवासियों ने इस घटना के बाद सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने की मांग की है।

# शहडोल कलेक्टर ने अधिकारियों को दिया निर्देश

## सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कोई भी शिकायत अनअटेंडेड नहीं रहनी चाहिए



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों को लेकर विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। अधिकारियों की लापरवाही पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन और खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग समेत अन्य विभागों की लंबित शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को 50 दिन से लंबित शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

**लंबित मामलों का जल्द निपटारा करने का दिया आदेश:** कलेक्टर ने अधिकारियों को शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करने को कहा। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कोई भी शिकायत अनअटेंडेड नहीं रहनी चाहिए। साथ ही 100 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों की समीक्षा कर उनका निराकरण करने के भी निर्देश दिए।

# शहडोल की देवलौंद पुलिस ने रेत से भरा ट्रैक्टर पकड़ा

## ड्राइवर गिरफ्तार, मालिक फरार, सोन नदी से अवैध परिवहन कर रहे थे



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल की देवलौंद पुलिस ने सुखाड़ गांव के पास से अवैध रेत परिवहन करते एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई हुई। पुलिस ने ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि ट्रैक्टर मालिक फरार है।

सूचना मिलते ही टीम सुखाड़ गांव पहुंची। पुलिस को देखकर ड्राइवर भागने लगा, लेकिन पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि सोन नदी से अवैध रेत का उत्खनन कर वाहन मालिक के निर्देश पर परिवहन किया जा रहा था।

**खनिज अधिनियम के तहत दर्ज हुआ मामला:** थाना प्रभारी देवलौंद डीके दहिया ने बताया कि इस मामले में सुनील कुमार और कन्हैया उर्फ विकास पर खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। फरार मालिक की तलाश जारी है। दो दिन पहले भी पुलिस ने इसी क्षेत्र से एक अवैध रेत से भरा ट्रैक्टर जब्त किया था।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि खनिज विभाग की मिलीभगत से यह अवैध कारोबार चल रहा है। पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है, लेकिन खनिज विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

## छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती

# कुर्मी क्षत्रिय समाज ने मूर्ति का माल्यार्पण किया, महान राजा और रणनीतिकार बताया



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर में कुर्मी क्षत्रिय समाज ने छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती धूमधाम से मनाई। सटई रोड स्थित पीतांबरा मंदिर के पास पटेल धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने शिवाजी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. घासीराम पटेल ने बताया कि 19 फरवरी को मनाई जाने वाली यह जयंती 'शिवाजी उत्सव' के नाम से जानी जाती है। प्रदेश महासचिव कांग्रेस कमेटी लखन लाल पटेल ने शिवाजी राजे भौसले को एक महान राजा और रणनीतिकार बताया।

**जिलाध्यक्ष ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता:** समाज के जिला उपाध्यक्ष ग्याप्रसाद पटेल ने शिवाजी महाराज का प्रसिद्ध कथन याद किया। उन्होंने कहा कि शत्रु को न तो कमजोर और न ही बहुत अधिक बलवान समझना चाहिए। भाजपा जिलामंत्री एड. भागीरथ पटेल ने बताया कि शिवाजी का सिंहासन रायगढ़ किले में 180 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नारायण दास पटेल ने की।

कार्यक्रम में महिला संगठन शक्ति की जिलाध्यक्ष प्रभा पटेल, उपाध्यक्ष क्रांति पटेल समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने शिवाजी महाराज की वीरता और पराक्रम की गाथाएं सुनाईं।

# खजुराहो नृत्य महोत्सव में 26 घंटे का मैराथन डांस

## 600 वाद्ययंत्रों की प्रदर्शनी, 7 दिन तक चलेगा अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** खजुराहो में 51वां अंतरराष्ट्रीय नृत्य महोत्सव 20 से 26 फरवरी 2025 तक आयोजित होगा। कंदरिया महादेव मंदिर और देवी जगदंबा मंदिर के बीच प्रांगण में यह कार्यक्रम होगा।

महोत्सव की सबसे बड़ी विशेषता होगी 26 घंटे की मैराथन डांस परफॉर्मेंस। यह प्रदर्शन 19 फरवरी शाम 4 बजे से 20 फरवरी शाम 5 बजे तक चलेगा। इस प्रदर्शन से वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य है।

स्थानीय कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। 21 से 26 फरवरी तक प्रतिदिन शाम 4:30 से 6:00 बजे तक स्थानीय नृत्य प्रस्तुतियां होंगी। 10 शिल्पियों के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे।

कार्यक्रम में 600 से अधिक वाद्ययंत्रों की प्रदर्शनी 'नाद' का आयोजन होगा। देश के 10 प्रख्यात चित्रकार नृत्य प्रस्तुतियों को कैनवास पर उतारेंगे।

यह महोत्सव मध्यप्रदेश शासन की उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत व कला अकादमी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, मध्यप्रदेश पर्यटन और जिला प्रशासन छतरपुर इस आयोजन में सहयोग कर रहे हैं।

## बिना नंबर के ट्रैक्टर से 3 घन मीटर रेत जब्त

# खनिज विभाग अनूपपुर को सौंपा, अनूपपुर पुलिस ने ड्राइवर को किया गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** अनूपपुर की भालूमाड़ा थाना पुलिस ने बुधवार को ग्राम देवगवां चटहाटोला में घेराबंदी कर एक नीले रंग का बिना नंबर का स्वराज ट्रैक्टर पकड़ा। ट्रैक्टर में बिना रॉयल्टी और परमिट के 3 घन मीटर रेत लदी हुई थी। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक रामा अवतार केवट को गिरफ्तार किया है। आरोपी रामा चटहा (23) टोला देवगवां का रहने वाला है।

जब्त किए गए ट्रैक्टर का इंजन नंबर 331068/एसवाईए00165 और चेसिस नंबर डब्ल्यूएसटीए 24418147623 है। मॉडल 334एक्सएम के इस ट्रैक्टर और रेत की कुल कीमत लगभग 2 लाख 3 हजार रुपए आंकी गई है।

पुलिस ने जब्त ट्रैक्टर और रेत को आगे की कार्रवाई के लिए खनिज विभाग अनूपपुर को सौंप दिया है।

# पंचायत निर्वाचन के मतदाता सूची पुनरीक्षण करने रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा जिन जनपद पंचायतों में सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य के पद रिक्त हैं केवल उसी रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए मतदाता सूची के पुनरीक्षण करने का कार्यक्रम जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) द्वारा आदेश जारी कर म.प्र. पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम-14 में उपनियम (2) एवं नियम 9 (2) के अन्तर्गत उक्त पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण किये जाने के लिए अधिकारियों को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उनके सहयोग के लिए सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं नियम 2 (ख) के अन्तर्गत अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किया गया है।

जारी आदेशानुसार जनपद पंचायत सिहावल के ग्राम पंचायत भितरी के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एस. पी. मिश्रा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिहावल एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी चन्द्रप्रकाश त्रिवेदी प्रभारी तहसीलदार तहसील बहरी को नियुक्त किया गया है। साथ अपीलीय अधिकारी अपर कलेक्टर जिला सीधी को नियुक्त किया गया है।

सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण में कार्य करेंगे। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की अधिकारिकता रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा सौंपे गये पंचायत के लिये ही होगी। आवंटित ग्राम पंचायत के मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा विहित प्रावधानों के अनुसार एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किये जाने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पूर्णरूपेण उत्तरदायी होंगे।

# नेशनल लोक अदालत के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा समस्त न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण के साथ की गई बैठक



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में वर्ष 2025 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालतों के क्रम में वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 08 मार्च 2025 को जिला न्यायालय सीधी तथा सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली में किया जायेगा। दिनांक 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु दिनांक 19-02-2025 दिन बुधवार को जिला अधिवक्ता संघ हॉल में प्रधान जिला न्यायाधीश प्रयाग लाल दिनकर के मागदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के द्वारा समस्त न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण के साथ प्रीसिटिंग बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रयाग लाल दिनकर ने समस्त न्यायाधीशगणों को निर्देशित किया कि लंबित राजीनामा योग्य प्रकरण जिनमें पक्षकार के मध्य सहमति बन सकती है उसे लोक अदालत हेतु चिन्हित करें। दिनकर ने अधिवक्तागण को निर्देशित करते हुये कहा कि न्यायालय में लंबित आपराधिक, सिविल एवं बीमा कंपनी के राजीनामा योग्य प्रकरण को लोक अदालत हेतु चिन्हित करें ताकि आगे होने वाली प्रीसिटिंग बैठक में आवेदकों के मध्य चर्चा की जा सके।

उक्त बैठक में अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ बृजेन्द्र सिंह, राजेश कुमार श्रीवास्तव प्रथम जिला न्यायाधीश, गौतम कुमार गुजरे चतुर्थ जिला न्यायाधीश, उर्मिला यादव प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, लक्ष्मण डोडवे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, शोभना मीणा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, रेनू श्रीवास्तव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सोनू जैन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, कपिल देव काछी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, मृदुल लटौरिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अभिषेक साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सुखेन्द्र द्विवेदी लोक अभिभाषक, जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला, देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा चीफलीगल एड डिफेंस काउंसिल, विद्याकांत मिश्र सचिव जिला अधिवक्ता संघ, डिप्टी चीफलीगल एड डिफेंस काउंसिलस विनोद कुमार श्रीवास्तव, बाबूलाल सिंह असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिलस सत्यप्रकाश पाण्डेय, देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, ऋषभ सिंह पैनल अधिवक्तागण राजेन्द्र सिंह परिहार, यज्ञप्रताप सिंह, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, सूर्यकांत पाण्डेय, उदयकमल मिश्रा, अरूणोदय द्विवेदी, सुजाता मिश्रा, अरविंद गोस्वामी, प्रवीण कुमार सिंह, उमेश प्रसाद तिवारी, सतीश उर्मलिया, ज्ञानेन्द्र कुमार उपाध्याय, लवकुश प्रसाद मिश्रा, भूपेन्द्र सिंह चौहान, राकेश चतुर्वेदी, आशुतोष गुप्ता, सहित अन्य अधिवक्तागण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रकट सुजाता मिश्रा अधिवक्ता द्वारा किया गया।

# दस्तक अभियान का हुआ शुभारंभ



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** दस्तक अभियान का शुभारंभ मंगलवार को राज्य स्तरीय टीम की उपस्थिति में शहरी स्वास्थ्य केंद्र और सेमरिया सीएचसी में किया गया। दस्तक अभियान 18 फरवरी से 18 मार्च तक चलेगा। इस अभियान के दौरान 0 से 5 साल तक के बच्चों की स्क्रीनिंग और प्रबंधन किया जाएगा। इसके अलावा, एनीमिया फॉलोअप जांच एवं विटामिन ए अनुपूरण भी किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को बेहतर बनाना है।

शुभारंभ कार्यक्रम में जिला स्तर से पुष्पेंद्र शुक्ला डीईआईएम और नरेंद्र पटेल डीसीएम उपस्थित रहे।

# गॉलब्लैडर स्टोन का हुआ सफल ऑपरेशन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** केएन मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल, गढ़ में एक गॉलब्लैडर स्टोन (पित्त की थैली की पथरी) का सफल ऑपरेशन किया गया। यह सर्जरी डॉ. अभिनव पांडेय के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें डॉ. जीतेंद्र मौर्य ने सहयोग दिया। बताया गया है कि अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ सभी प्रकार के सर्जिकल उपचार अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा किए जाते हैं।

# विचार

## विवादों के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति

केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति कर दी है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने के कारण नियुक्ति की कार्रवाई टालने का अनुरोध कमेटी से किया था। नेता प्रतिपक्ष के अनुरोध को सरकार ने नहीं माना और बहुमत के आधार पर नियुक्ति कर दी है। लोकतंत्र की सफलता स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों पर निर्भर करती है। भारत में इस जिम्मेदारी को निभाने का दायित्व चुनाव आयोग के पास संवैधानिक रूप मे है। हाल ही में सरकार ने बहुमत के आधार पर चुनाव आयोग में महत्वपूर्ण नियुक्ति की है। ज्ञानेश कुमार को नया मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) बनाया गया है। यह नियुक्त ऐसे समय पर हुई है जब चुनाव आयोग को लेकर सबसे ज्यादा विवाद की स्थिति देखने को मिल रही है। चुनाव आयोग भारतीय लोकतंत्र की निष्पक्षता और पारदर्शिता का सबसे बड़ा प्रहरी है। चुनाव आयोग लोकतंत्र के लिए रीड की हड्डी की तरह है। इसकी जिम्मेदारी केवल चुनाव कराना नहीं है। बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है, सभी राजनीतिक दल, प्रत्याशी, आचार संहिता का पालन करें। आम जनता को चुनाव पर विश्वास हो। हर नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग कर पाए। यह सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी है। मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति ऐसे समय पर हुई है जब चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली को लेकर देश की विभिन्न हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में सरकार द्वारा बनाये गए चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए जो कानून बनाया गया है। उसको सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। उसकी सुनवाई 18 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में हो रही है। मामला न्यायालय में लंबित होने के बाद भी सरकार ने नेता प्रतिपक्ष की आपत्ति के बाद, बहुमत के आधार पर नियुक्ति कर दी है जिसके कारण इस नियुक्ति पर विवाद गहरा गया है। पहली बार पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन सेशन ने चुनाव आयोग के अधिकार बताए। निष्पक्ष चुनाव कैसे कराए जाते हैं, यह उन्होंने करके दिखा दिया था। टीएन सेशन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे। तब सरकार और राजनेता उनके फैसलों से घबराते थे। उन्होंने चुनाव के दौरान सभी की जिम्मेदारी तय करके जवाब देह बनाया था। पिछले कुछ वर्षों से चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार विवाद सामने आये हैं। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को नजर अंदाज करते हुए जिन तीन लोगों की कमेटी बनाने का जो आदेश सरकार को दिया था। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करते हुए जो कानून बनाया।

# मन्दिरों एवं धर्म-स्थलों में वीआईपी संस्कृति समाप्त हो

ललित गर्ग

**मन्दिरों, धर्मस्थलों एवं धार्मिक आयोजनों में वीआईपी संस्कृति एवं उससे जुड़े हादसों एवं त्रासद स्थितियों ने न केवल देश के आम आदमी के मन को आहत किया है, बल्कि भारत के समानता के सिद्धान्त की भी धज्जियां उड़ा दी है। मौनी अमावस्या महाकुंभ में भगदड़ के चलते तीस लोगों की मौत ने ऐसे मौकों पर कुछ विशेष लोगों को मिलने वाले वीआईपी समान एवं सुविधा पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। बात केवल महाकुंभ की नहीं है, बल्कि अनेक प्रतिष्ठित मन्दिरों में वीआईपी संस्कृति के चलते होने वाले हादसों एवं आम लोगों की मौत ने अनेक सवाले खड़े किये हैं। प्रश्न है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले ही कार्यकाल के दौरान वीआईपी कल्चर को खत्म करते हुए लालबी एवं ऐसी अनेक वीआईपी सुविधाओं को समाप्त कर दिया था तो मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों की वीआईवी संस्कृति को यों नहीं समाप्त किया? यों महाकुंभ में वीआईपी स्नान के लिये सरकार ने अलग से व्यवस्थाएं की।**



क्यों एक विधायक अपने पद का वैभव प्रदर्शित करते हुए महाकुंभ में कारों के बड़े काफिले के साथ घूमते एवं स्नान करते हुए, पुलिस-सुविधा का बेजा इस्तेमाल करते हुए एवं सेल्फी लेते हुए करोड़ लोगों की भीड़ का मजाक बनाते रहे? सवाल यह पूछा जा रहा है कि हिंदुओं के धार्मिक स्थलों और आयोजनों में क्यों भक्तों के बीच भेदभाव होता है? वीआईपी दर्शन की अवधारणा भक्ति एवं आस्था के खिलाफ है। यह एक असमानता का उदाहरण है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी आघात करती है।

महाकुंभ हो या मन्दिर, धार्मिक आयोजन हो या कीर्तन-प्रवचन भगदड़ के कारण जो दर्दनाक हादसे होते रहे हैं, जो असंख्य लोगों की मौत के साक्षी बने हैं, उसने वीआईपी कल्चर पर एक बार फिर से नये सिरे से बहस छेड़ दी है। सवाल उठ रहा है कि जब गुरुद्वारे में वीआईपी दर्शन नहीं, मस्जिद में वीआईपी नमाज नहीं, चर्च में वीआईपी प्रार्थना नहीं होती है तो सिर्फ हिन्दू मंदिरों में कुछ प्रमुख लोगों के लिए वीआईपी दर्शन क्यों जरूरी है? क्या इस पद्धति को खत्म नहीं किया जाना चाहिए, जो हिंदुओं में दूरिया का करण बनता है? योगी सरकार ने मौनी अमावस्या के दिन हुए हादसे से सबक लेते हुए भले ही वीआईपी सिस्टम पर रोक लगायी हो, लेकिन इस रोक के बावजूद महाकुंभ में वीआईवी संस्कृति बाद में भी पूरी तरह हावी रही है। महाकुंभ हो या प्रसिद्ध मन्दिर वीआईपी पास एवं दर्शन की व्यवस्था समाप्त क्यों नहीं होती? यह व्यवस्था समाप्त होना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 7 जनवरी को ही धार्मिक स्थलों पर होने वाली वीआईपी व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किये हैं। उन्हें ऐसे हासदे की उम्मीद भी नहीं रही होगी। निश्चित ही जब किसी को वरीयता दी जाती है और प्राथमिकता दी जाती है तो उसे वीवीआईपी या वीआईपी कहते हैं। यह समानता की अवधारणा को कमतर आंकना है। वीआईपी संस्कृति एक पथभ्रष्टता है। यह एक अतिक्रमण है। यह मानवाधिकारों का हनन है। समानता के नजरिए से देखा जाए तो समाज में इसका कोई स्थान नहीं होना चाहिए, धार्मिक स्थलों में तो बिल्कुल भी नहीं।

देश की कानून व्यवस्था एवं न्यायालय भी देश में बढ़ती वीआईपी संस्कृति को लेकर चिन्तीत है। मद्रास उच्च न्यायालय की मुदुरै पीठ ने अपनी एक सुनवाई के दौरान कहा भी है कि लोग वीआईपी संस्कृति से 'हताश' हो गए हैं, खासतौर पर मंदिरों में। इसके साथ ही अदालत ने तमिलनाडु के प्रसिद्ध मंदिरों में विशेष दर्शन के संबंध में कई दिशा निर्देश जारी किए। राजस्थान में गहलोत सरकार ने भी मन्दिरों में वीआईपी दर्शनों की परम्परा को समाप्त करने की घोषणा की थी कि मन्दिरों में बुजुर्ग ही एकमात्र वीआईपी होंगे। इस तरह की सरकारी घोषणाएं भी समस्या का कारगर उपाय न होकर कोरा दिखावा होती रही है। अक्सर नेताओं एवं धनाढ्यों को विशेष दर्शन कराने के लिए मंदिर परिसरों को आम लोगों के लिये बंद कर दिया जाता है, जिससे श्रद्धालुओं को भारी परेशानी होती है, लोग वास्तव में इससे दुखी होते हैं और कोसते हैं। वीआईपी लोगों को तरह-तरह की सुविधाएं दी जाती है, मन्दिर के मूल परिसर-गर्भ परिसर में दर्शन कराये जाते हैं, उनके वाहन मन्दिर के दरवाजे तक जाते हैं, उनके साथ पुलिस-व्यवस्था रहती है, जबकि आम श्रद्धालुओं को कई किलोमीटर पैदल चलना होता है, भगवान के दर्शन दूर से कराये जाते हैं, उनके साथ धक्का-मुक्की की जाती है।

तीर्थस्थलों और गंगा स्नान में वीआईपी संस्कृति की बात कि जाये तो महाकुंभ मेले प्रयागराज, हरिद्वार या वाराणसी जैसे तीर्थस्थलों पर आम श्रद्धालुओं को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन वीआईपी के लिए अलग घाट बना दिये जाते हैं। जहां आम लोग भीड़ में संघर्ष करते हैं, वहीं खास लोगों के लिए विशेष स्नान व्यवस्था, सुरक्षा घेरा और सुविधाएं मुहैया कराई जाती है। कई बार वीआईपी के स्नान के लिए आम श्रद्धालुओं को घंटों रोका जाता है, जिससे भीड़ में अफरातफरी तक मच जाती है। सवाल ये हैं कि जहां करोड़ों लोग जुट रहे हों, वहां आम श्रद्धालुओं की असुविधा को बढ़ाकर वीआईपी स्नान जैसी व्यवस्था क्यों? वीआईपी स्नान के बेहूदे एवं शर्मनाक प्रदर्शन की टीस महाराज प्रेमानंद गिरि के शब्दों में दिखी जब उन्होंने कहा कि प्रशासन का पूरा ध्यान वीआईपी पर था। आम श्रद्धालुओं को उनके हाल पर छोड़ दिया गया था। उनका आरोप है कि पूरा प्रशासन वीवीआईपी की जी-हुजूरी में लगा रहा, तुष्टीकरण में लगा रहा।

मोदी के शासन-काल में हिन्दू मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों के लिये जनता का आकर्षण बढ़ा है, बात चाहे श्रीराम मन्दिर अयोध्या की हो या महाकुंभ की या ऐसे ही अन्य धर्मस्थलों की, करोड़ों की संख्या में आम लोग इन स्थानों तक पहुंच रहे हैं, लेकिन ईश्वर के दर्शन भी उनके लिये दोयम दर्जा एवं असमानता लिये हुए है। देश की आजादी के बाद सरकार ने कुछ मंदिरों में ट्रस्ट के माध्यम से व्यवस्था अपने हाथों में ली। शुरुआत में तो सभी मंदिर आम आदमी के लिये सुगम थे लेकिन धीरे धीरे अब इसमें प्रशासन के लोग अपनी घुसपैठ जमाने लगे। भीड़ भाड़ की स्थिति में अपने लोगों, अधिकारियों एवं नेताओं के लिए अलग से व्यवस्था का इंतजाम करने लगे। धीरे-धीरे ये राजनेताओं, मंत्रियों, अधिकारियों के वीआईपी दर्शन का आधार बनने लगे। इसका स्वरूप फिर से एक बार और बदला और एक नई संस्कृति का उदय हुआ और वह था वीआईपी दर्शन जो उनलोगों के लिए था जो एक विशेष शुल्क देकर उसका लाभ उठा सकते हैं, यानि भगवान के दरबार में भी दो तरह की व्यवस्था हो गई। एक आम जनता के लिए और एक उन लोगों के लिए जो आर्थिक रूप से सक्षम हों। एक आम आदमी जो घंटों लाइन में लगने के बाद मंदिर के अंदर प्रवेश करता है तो उसे बाहर से ही दर्शन करने के लिए बाध्य किया जाता है जैसे वह कोई अछूत हो और वहीं दूसरी ओर आपके सामने ही कुछ वीआईपी लोग बड़े आराम से मंदिर के गर्भगृह में दर्शन लाभ करते हुए नजर आते हैं।

लगता है मन्दिरों में दर्शन एवं धार्मिक आयोजनों में सहभागिता को लेकर आम आदमी गुलामी की मानसिकता को ही जी रहा है। इन स्थानों पर उसके स्वाभिमान, सम्मान एवं समानता को बेरहमी से कुचला जा रहा है। ये कैसा मंदिर और ये कैसा दर्शन जहाँ सरेआम आम दर्शनार्थी का अपमान हो रहा है। भगवान के मंदिर में वीआईपी व्यवस्था का क्या औचित्य है? इसलिए जिस भी मंदिर में वीआईपी दर्शन की सुविधा दी जा रही है उसके खिलाफ जनक्रांति हो। आज हिन्दू मन्दिरों की भेदभाव पूर्ण दर्शन-व्यवस्था को समाप्त करके ही आम आदमी को उसका उचित सम्मान किया जा सकता है, उसकी निराशा एवं पीड़ा को समझा जा सकता है। उन्नत राष्ट्र-चरित्र निर्मित को निर्मित करते हुए सबसे बड़ी जरूरत है कि पास, धन के बल अथवा राजनीतिक वर्चस्व के लिए हकदार का, गुणवंत का, आम आदमी का हक नहीं छीना जाए। अन्यथा आम आदमी के अन्तर पनप रहा यह विद्रोह एवं असंतोष किसी बड़ी क्रांति का कारण न बन जाये? भाजपा सरकार मन्दिरों एवं धार्मिक-स्थलों से वीआईपी संस्कृति को समाप्त करने के लिये कोई ठोस कदम उठाये।

# आखिर कौन, कैसे और कब तक पाएगा भीड़ से उत्पन्न भगदड़ पर काबू?

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी शनिवार की रात प्रयागराज महाकुंभ जाने को उतावली भीड़ ने ऐसी भगदड़ मचाई कि लगभग डेढ़ दर्जन लोगों की जान चली गई, जबकि दर्जनाधिक घायल भी हुए। इस बार भी मृतकों में महिलाओं (10) और बच्चों (3) की संख्या ज्यादा रही, जबकि पुरुषों (2) की संख्या उनसे कम रही। वहीं, दर्जनाधिक घायलों में भी लगभग 14 महिलाएं समेत कुल 25 लोग शामिल हैं। ये महज आंकड़े नहीं हैं, बल्कि हमारी संवेदनाशून्य व्यवस्था की विफलता के नमूने मात्र हैं। ऐसी घटनाओं पर आखिर कौन, कैसे और कबतक काबू पाएगा, यह यक्ष प्रश्न ब्रेक के बाद पुनः समुपस्थित है। ऐसा इसलिए कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में भगदड़ के कई मामले सामने आए हैं। वहीं, इस बार तो महज एक महीने के अंदर ही भगदड़ के दो-दो मामले सामने आ चुके हैं, जो कि प्रशासन के लिए चिंता का विषय है। सवाल है कि जब महाकुंभ की तैयारियों को लेकर उत्तरप्रदेश प्रशासन लगातार डींगें हांक रहा था और केंद्र सरकार अपनी पीठ थपथपा रही थी, तब ऐसी हृदयविदारक घटनाओं का घटित होना उसकी तमाम व्यवस्थाओं पर सवालिया निशान लगा जाता है। सवाल यह भी है कि तमाम सकारात्मक राजनीतिक इच्छाशक्ति के बावजूद इतनी बड़ी प्रशासनिक चुकें कैसे हो गईं। हैरत की बात तो यह है कि प्रारम्भिक तौर पर मीडिया माध्यमों में रेलवे के अधिकारी-कर्मचारी ऐसी किसी घटना व हताहतों के बारे में इंकार कर रहे थे, लेकिन सच्चाई अंत में उन्हें भी बयां करनी ही पड़ी। इससे समझा जा सकता है कि उनका सूचना तंत्र कितना विफल या फिर लोकहित विरोधी है। भले ही इन घटनाओं पर बड़े नेतागण और अधिकारियों के द्वारा खेद प्रकट किया गया हो, जिनके पास वैध टिकट होंगे, उन्हें रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल से मुआवजे भी मिल जाएंगे। लेकिन इससे उन परिवारों की व्यथा कम नहीं हो जाती, जिन्होंने अपने परिजनों को खोया है या फिर जिनके परिजन अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। बताया गया है कि सभी लोग नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में प्रयागराज के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए खड़े हुए थे। तभी ट्रेन सम्बन्धी उद्घोषणा के बाद प्लेटफार्म पर अफरातफरी और भगदड़ मच गई। ऐसे में सवाल है कि देश की राजधानी नई दिल्ली जैसे मुख्य रेलवे स्टेशन पर रेल प्रशासन ने समुचित व्यवस्था क्यों नहीं की थी। अब भले ही इसकी जांच होगी, पर परिणाम ढाक के तीन पात जैसे ही होंगे! जाहिर है कि भीड़ और भगदड़ में अन्योन्याश्रय का सम्बन्ध है। लेकिन इनके नियंत्रण के समुचित उपाय कब तक दिखेंगे, किनके नेतृत्व में सब होगा, कुछ पता नहीं। तब तक ब्रेक के बाद होने वाले हादसों पर सवाल उठाते रहिए, चुनाव दर चुनाव राजनीतिक नेतृत्व बदलते रहिए, लेकिन ये अधिकारी हैं, जिनका सिर्फ तबादला होगा। क्योंकि उनकी जानलेवा लापरवाहियों के बावजूद उन्हें जिम्मेदार ठहराने के कानूनी प्रबंध नदारत हैं। बता दें कि गत 29 जनवरी 2025 को प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 में मौनी अमावस्या से ठीक पहले भी एक दुःखद भगदड़ मची थी, जहां लगभग 30 लोगों की मौत हो गई थी और तकरीबन 60 लोग घायल हो गए थे।

दरअसल, महाकुंभ मेले में ये हादसा 29 जनवरी के तड़के हुआ था, जब सभी लोग संगम नोज की तरफ नहाने के लिए जा रहे थे। तब यहां भी लाखों लोगों की भीड़ बेकाबू हो चुकी थी। जिसके बाद आनन-फानन में वीवीआईपी व्यवस्था बदल दी गई और अखाड़ों ने भी मौनी अमावस्या के लिए अपने पारंपरिक %अमृत स्नान% को रद्द कर दिया और दोपहर बाद %अमृत स्नान% किया। इससे भी धार्मिक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन सम्बन्धी सवाल उठे थे। यहां भी एक न्यायिक जांच आयोग का गठन करके प्रशासनिक खाना पूर्ति कर दी गई है। इसलिए भीड़ नियंत्रण सम्बन्धी विफलताओं पर जनसामान्य की चिंता ज्यादा बढ़ गई है।



वहीं, गत 8 जनवरी, 2025 को आंध्र प्रदेश के तिरुपति में मची भगदड़ में कम से कम 6 भक्तों की मौत हो गई थी, जबकि दर्जनों लोग घायल हो गए थे, क्योंकि सैकड़ों लोग तिरुमाला पहाड़ियों पर भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए टिकट पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे। बताया गया था कि तब 10 जनवरी से शुरू होने वाले 10 दिवसीय वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए देश भर से सैकड़ों भक्त यहां आए थे।

यदि आप पिछले कुछ वर्षों में भारत में हुई प्रमुख भगदड़ की घटनाओं की सूची खंगालेंगे तो पता चलेगा कि साल-दो साल बाद ऐसी घटनाओं की एक लंबी फेहरिस्त है। यदि पिछले दो दशकों की प्रमुख भगदड़ सम्बन्धी घटनाओं पर गौर करें तो 27 अगस्त, 2003 को महाराष्ट्र के नासिक में कुंभ मेले में भगदड़ के दौरान जहां 39 लोगों की मौत हो गई थी वहीं, 140 अन्य घायल हो गए थे। इसी प्रकार 25 जनवरी, 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के वाई शहर स्थित मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ के दौरान 300 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 100 अन्य लोग घायल हो गए थे।

वहीं, 3 अगस्त, 2008 को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में नैना देवी मंदिर में भगदड़ के दौरान 162 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि सैकड़ों की संख्या में लोग घायल हुए थे। तब यहां पहाड़ी की चोटी पर स्थित नैना देवी मंदिर में भूस्खलन की अफवाह के कारण मची भगदड़ मच गई थी। वहीं, 30 सितंबर, 2008 को राजस्थान के जोधपुर में चामुंडा देवी मंदिर में नवरात्रि के दौरान भगदड़ मचने पर 250 लोगों की मौत कुचले जाने से हो गई थी। क्योंकि इस दौरान भारी संख्या में तीर्थयात्री इकट्ठा हुए थे।

वहीं, 4 मार्च, 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में 63 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें अधिकतर बच्चे शामिल थे। इस मंदिर में मुफ्त भोजन और कपड़े के लिए हुई भारी भीड़ के कारण भगदड़ हुई थी। इसके अलावा, 15 जनवरी, 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में एक जीप के घर जा रहे तीर्थयात्रियों से टकरा जाने के कारण मची भगदड़ में कम से कम 104 सबरीमाला भक्त स्वर्गलोक सिधार गए थे, जबकि 40 से अधिक घायल हो गए थे।

इसके अलावा, 8 नवंबर, 2011 को उत्तराखंड के हरिद्वार में गंगा घाट स्थित हर-की-पौड़ी में 20 लोगों की मौत हो गई थी।

# सजी थी पिता की अर्थी, चुनावी ड्यूटी पर तैनात था बेटा

## घर से फोन आया तो कहा- अभी मतदान चल रहा है, लाश देख छलके आंसू







**मीडिया ऑडीटर, कोरबा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के उरगा थाना क्षेत्र में पिता की मौत की खबर मिलने के बाद भी शिक्षक बेटे ने पहले अपनी चुनाव ड्यूटी निभाई और फिर नम आंखों से पिता का अंतिम संस्कार किया। 55 वर्षीय बजरंग पटेल की सीढ़ियों से गिरने के कारण मौत हो गई। मामला देवरमाल गांव की है।

घटना के समय उनके बेटे चूड़ामणि पटेल की अकलतरा में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में चुनावी ड्यूटी पर तैनात थे। पिता की मौत की खबर मिलने पर भी चूड़ामणि शोक में डूब गए। एक ओर उनका मन पिता के अंतिम दर्शन के लिए बेचैन था, वहीं दूसरी ओर देश के लोकतांत्रिक कर्तव्यों का भी सवाल था।

लेकिन चूड़ामणि ने पहले अपनी चुनाव ड्यूटी पूरी करने का फैसला किया। उन्होंने परिवार को संदेश भेजा कि उनकी ड्यूटी पूरी होने तक पिता का अंतिम संस्कार न किया जाए। बेटे ने ड्यूटी पूरी करने के बाद पिता का अंतिम संस्कार किया।

**पिता की मौत के बाद ड्यूटी को दी प्राथमिकता:** बजरंग पटेल घर में सीढ़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनके सिर में गहरी चोट लगी थी, जिसके बाद उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया। मगर लाख कोशिशों के बावजूद डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके और मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उस वक्त उनका बेटा चूड़ामणि उनके साथ नहीं था।

चूड़ामणि की ड्यूटी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में लगी थी। जब उन्हें अपने पिता के निधन की खबर मिली, तो उनके लिए यह पल बेहद कठिन था। एक ओर उनका मन पिता के अंतिम दर्शन के लिए बेचैन था, वहीं दूसरी ओर देश के लोकतांत्रिक कर्तव्यों का भी सवाल था।

लेकिन चूड़ामणि ने उस समय जो निर्णय लिया, जिसने हर किसी की आंखें नम कर दीं। उन्होंने तत्काल अपने परिवार को संदेश भिजवाया कि वे अभी चुनावी ड्यूटी में हैं और उनकी गैरमौजूदगी में अंतिम संस्कार न किया जाए। उन्होंने साफ कहा कि जब तक वे अपनी ड्यूटी पूरी कर घर नहीं पहुंचते, तब तक उनके पिता का अंतिम संस्कार न किया जाए। यह सुनकर परिजन भावुक हो गए और उनके निर्णय का सम्मान किया।

**ड्यूटी के बाद पिता का अंतिम संस्कार किया:** जब चूड़ामणि ने अपना निर्वाचन कार्य पूरा किया, तो वे घर पहुंचे। अपने पिता का चेहरा देखते ही उनकी आंखें छलक पड़ीं, लेकिन उन्होंने खुद को संभाला। आज जब उनके पिता की अंत्येष्टि हुई, तो हर किसी की आंखों में आंसू थे। उनकी इस कर्तव्यनिष्ठा की गांव और आसपास के क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है। लोग उनके इस फैसले की तारीफ कर रहे हैं कि उन्होंने निजी दुख से ऊपर उठकर राष्ट्रीय कर्तव्य को प्राथमिकता दी।

## दिनदहाड़े पिकअप ड्राइवर की पिटाई

### 42 हजार कैश भी लूट ले गए बाइक सवार बदमाश, टक्कर मारने का आरोप लगाकर किया विवाद



**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा (एजेंसी)।** अंबिकापुर के रिंगरोड में बस स्टैंड के पास दिनदहाड़े बाइक सवार युवकों ने पिकअप ड्राइवर की पिटाई कर दी। पिकअप के कांच भी फोड़ दिए। उसके पास रखे 42 हजार रुपए लूटकर भाग गए। घायल ड्राइवर को डायल-112 की टीम ने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया। घटना गांधीनगर थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, अंबिकापुर से पिकअप ड्राइवर उदयपुर निवासी रवि कुमार बुधवार दोपहर को अंबिकापुर से सामान लोड कर डांडगांव के लिए निकला था। दुकानदार को देने के लिए कुछ पैसे भी उसे मिले थे। जिसे उसे पिकअप में रखा था।

प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास बाइक सवार दो युवक बाइक लेकर अचानक रिंगरोड पर आ गए। पिकअप चालक ने ब्रेक लगाया। बाइक सवार बदमाशों ने बाइक को टक्कर मारने का आरोप लगाकर पिकअप ड्राइवर के साथ मारपीट शुरू कर दी।

**बेदम पीटा, पैसे लूटकर भागे:** पिकअप ड्राइवर रवि कुमार ने बताया कि, बाइक सवार युवकों ने मारपीट कर उसका सिर फोड़ दिया। पिकअप को क्षतिग्रस्त कर कांच तोड़ दिया। उसके पास 42 हजार रुपए कैश थे, जिसे लूटकर बाइक सवार भाग गए। मारपीट में वो गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर युवक को डॉयल 112 की टीम ने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंचाया।

**गांधीनगर थाने में दी गई सूचना:** पुलिस ने घायल को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया। लूटपाट करने वाले युवकों का पता नहीं चल सका है। पिकअप के मालिक कमल गुप्ता ने बताया कि, गांधीनगर पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। युवकों की जल्द शिनाख्त करने का दावा किया गया है। सरगुजा एसपी अमोलक सिंह ने बताया कि, मामले की जांच की जा रही है। आरोपी जल्द पकड़े जाएंगे।


## सीसी रोड निर्माण में लापरवाही, निगम कमिश्नर ने डिप्टी इंजीनियर को किया सस्पेंड



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर के जोन 9 के वार्ड-7 में सड्डू बाजार में बनी सीसी रोड उखड़ने लगी है। इस मामले में निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने डिप्टी इंजीनियर रुचि साहू को निलंबित कर दिया है। दरअसल, एक महीने पहले ही करीब 40 लाख रुपए की लागत से सड़क का निर्माण कार्य किया गया था। कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड सड्डू बाजार से केपिटल सिटी फेस के बीच ठेकेदार से सड़क का निर्माण करवाया गया। लेकिन सड़क निर्माण के दौरान निर्माण कार्य के दौरान मटेरियल जांच करने पहुंची डिप्टी इंजीनियर ने लापरवाही बरती। इसलिए उन पर कार्रवाई की गई है।

# 'अफेयर और अधिक शराब पीना पत्नी पर मानसिक क्रूरता'

## हाईकोर्ट बोला-अवैध रिश्ते से परिवार को झेलनी पड़ती है बदनामी, तलाक को दी मंजूरी



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पत्नी की याचिका पर तलाक को मंजूरी दे दी है।

साथ ही उच्च न्यायालय ने फैमिली कोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट की जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस एनके व्यास की डिवीजन बेंच ने सुनवाई की। दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुनाया।

**जानिए क्या है पूरा मामला:** दरअसल, जांजगीर चांपा की रहने वाली महिला की शादी 7 जून 1991 को जिले के ही शख्स से हुई थी। शादी के समय महिला पढ़ाई कर रही थी। बाद में भी वो अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहती थी, लेकिन पति और उसके परिवार ने इसका विरोध किया। पढ़ाई करूंगी कहने पर गाली-गलौज की और डराया धमकाया।

इन सबके बीच 3 बच्चे भी हुए, लेकिन पति के व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया। शराब पीकर पत्नी और बच्चों को परेशान करता रहा। करीब 29 साल तक महिला अपने परिवार को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास करती रही, लेकिन पति की हरकतों में सुधार नहीं हुआ। परेशान होकर बच्चों के साथ पति से अलग रहने लगी।

**फैमिली कोर्ट ने खारिज कर दी पत्नी की अर्जी:** इसके बाद 2018 में फैमिली कोर्ट में तलाक के लिए आवेदन किया। फैमिली कोर्ट में महिला ने बताया कि, उसका पति परिवार चलाने के लिए कुछ नहीं करता। अधिक शराब पीने की आदत की वजह से सामाजिक बदनामी होती है, लेकिन फैमिली कोर्ट ने दलीलों को दरकिनार कर तलाक के आवेदन को खारिज कर दिया।

**फैमिली कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में दी चुनौती:** महिला ने फैमिली कोर्ट के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की। कोर्ट में बताया कि पति शराबी है। अवैध संबंध रखता है। घर में मारपीट और गाली गलौज करता है। कोर्ट ने पति के आरोपों का खंडन न करने के बाद पत्नी के पक्ष में फैसला सुनाया।

**बेटी ने पिता के खिलाफ दी गवाही:** मामले में अपीलकर्ता महिला की बेटी ने भी गवाही दी। बेटी ने कहा कि उसके पिता ने मां और उसके साथ क्रूर व्यवहार किया। उनकी मां और वो दोनों पिता के साथ नहीं रहना चाहते, इसलिए वे अलग रह रहे हैं। कोर्ट ने बेटी की गवाही को महत्वपूर्ण माना और फैसले में इसका भी उल्लेख किया है।

### तीन साल से लापता युवक की लाश मिली

## घर के पीछे पेड़ पर लटका मिला शव, हत्या या आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



**मीडिया ऑडीटर, कांकेर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम मचांदूर में तीन साल से लापता एक युवक का शव उसके घर के पीछे पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान 27 वर्षीय दिनेश कुमार निषाद के रूप में हुई है।

घटना बुधवार की सुबह की है। दिनेश की मां जब तड़के करीब 3 बजे शौच के लिए बाहर निकलीं, तो उन्होंने घर के दरवाजे के पास उसका बैग देखा। परिवार के लोग जब युवक की तलाश में निकले, तो खेत में स्थित एक पेड़ पर उसका शव लटका मिला। घटनास्थल से पानी की बोतल, जूते और गमछा भी बरामद हुए हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों के मुताबिक दिनेश ड्राइवर का काम करता था और पिछले तीन साल से लापता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह आत्महत्या का मामला है या फिर कोई अन्य कारण है।

# फेयरवेल-पार्टी में 12वीं के छात्रों की कार से स्टंट

## गाड़ी पर लटकी लड़कियां, लड़कों के हाथों में शराब, तेज रफ्तार में एनएच पर बनाई रील

**मीडिया ऑडीटर, कवर्धा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा और अंबिकापुर में 12वीं के छात्रों ने तेज रफ्तार कार और ट्रैक्टर से खतरनाक स्टंटबाजी की है। स्टूडेंट्स ने स्कॉर्पियो और बाइक पर सवार होकर स्कूल में एंट्री की। फेयरवेल पार्टी के बाद स्कूल के मैदान में भी स्टंटबाजी की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वहीं अंबिकापुर में तेज रफ्तार कार से फर्राटे भरते छात्रों ने स्टंटबाजी की। लड़कियां कार पर लटकी दिखीं और लड़के शराब की बोतलें लेकर हुड़दंग करते नजर आए। स्टंट्स के दौरान 5-6 कार हैं। इनमें सभी सन रूफ और खिड़की से निकलकर शोर शराबा कर रहे हैं।

**अब जानिए कवर्धा में कहां के छात्रों ने की स्टंटबाजी:** दरअसल, मंगलवार को कवर्धा के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल परिसर में स्टंटबाजी की गई है। स्टंट्स के दौरान स्कूल के टीचर भी मौके पर मौजूद थे। टीचर ने ही स्कूल के सोशल मीडिया अकाउंट पर छात्रों के स्टंट का वीडियो शेयर किया है।

वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि पहले कुछ छात्र 8-10 बाइक से स्कूल में एंट्री करते हैं। इसके बाद कुछ स्टूडेंट्स चलती स्कॉर्पियो की गेट पर लटकते हुए स्कूल में घुसते हैं। वहीं कुछ छात्र काले चश्मे और स्कूली ब्लेजर पहने हुए थे। जेसीबी नुमा ट्रैक्टर पर खड़े थे, इस टशन में छात्र स्कूल में दाखिल हुए।

**टीचर ने स्टंटबाजी रोकने की कोशिश नहीं की:** इसमें सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि छात्रों के इन स्टंट्स के दौरान स्कूल के टीचर भी मौके पर मौजूद थे, फिर भी उन्होंने इस खतरनाक स्टंटबाजी को रोकने की कोशिश नहीं की। स्कूल की ओर से कोई कार्रवाई न होते देख, छात्रों का उत्साह और बढ़ा।

**फिल्म एनिमल के गाने के साथ बनाई रील:** इस दौरान वे स्कूल के ग्राउंड में ट्रैक्टर पर स्टंट करते रहे। हद तो तब हो गई जब स्कूल प्रबंधन ने खुद इस खतरनाक स्टंट का वीडियो स्कूल के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर कर दिया।छात्रों ने स्टंटबाजी और फेयरवेल पार्टी के विजुअल के साथ इसे सोशल मीडिया पर शेयर भी किया।

इसमें बॉलीवुड फिल्म एनिमल के गाने को डालकर रील भी बनाई थी।

**अब जानिए अंबिकापुर में क्या क्या हुआ:** अंबिकापुर में फेयरवेल पार्टी के बाद 12वीं के छात्रों का नेशनल हाईवे पर कार से खतरनाक स्टंट करने का वीडियो सामने आया है। लड़के-लड़कियां कार की खिड़की के बाहर लटके दिख रहे। कुछ छात्र हाथों में शराब की बोतलें लहरा रहे। स्टूडेंट्स ने ही रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

# बॉयफ्रेंड के लिए सड़क पर भिड़ीं 2 लड़कियां

## एक-दूसरे के बाल खींचे, फिर थप्पड़ जड़े, युवतियां छुड़ाती रहीं, लेकिन दोनों करती रही मारपीट



**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में बॉयफ्रेंड के लिए 2 लड़कियां आपस में भिड़ गई। प्रेमी से बात करने पर एक-दूसरे के बाल खींचे, फिर जमकर मारपीट की। कुछ युवतियां उनको रोकती भी दिखी, लेकिन दोनों झगड़ती रही। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला मणिपुर थाना क्षेत्र का है।

वीडियो में दिख रहा है कि, रिंग रोड़ पर देर रात कुछ लड़कियां खड़ी हैं। अचानक उनमें से 2 लड़कियों का आपस में विवाद हो जाता है। दोनों एक-दूसरे को थप्पड़ मारने लगती हैं। ये सब देखकर मौके पर कुछ युवक पहुंचे, लेकिन उन्होंने छुड़ाने की कोशिश नहीं की।

**राहगीरों ने बनाया वीडियो:** इस दौरान सड़क से गुजर रहे एक बाइक सवार युवक ने लड़कियों की लड़ाई का वीडियो बना लिया। उसने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर वायरल कर दिया। वीडियो में पुलिस सायरन की आवाज भी सुनाई दे रही है। सायरन की आवाज सुनकर युवक लड़कियों को झगड़ा बंद करने के लिए कह रहे हैं।

वीडियो में दिख रहा है कि लड़कियों के साथ मौजूद 2 लड़कियां लगातार छुड़ा रही हैं, लेकिन लड़कियां मानने को तैयार नहीं हैं। हालांकि, यह वीडियो कब का है, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। वीडियो में मौजूद लड़कियों के बारे में भी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।

**किसी ने दर्ज नहीं कराई रिपोर्ट:** मामले को लेकर हमने सरगुजा एएसपी अमोलक सिंह से बातचीत की। इस दौरान एएसपी अमोलक सिंह ने बताया कि, मणिपुर थाने में लड़कियों की मारपीट को लेकर कोई शिकायत नहीं पहुंची है। शिकायत मिलेगी, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## खड़गवां जनपद पंचायत चुनाव हुआ संपन्न

### 12 जनपद सदस्य, 44 सरपंच और 542 पंच हुए नवनिर्वाचित



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार और रिटर्निंग अधिकारी जिला पंचायत अंकिता सोम शर्मा के मार्गदर्शन में विगत 19 फरवरी 2025 को खड़गवां जनपद पंचायत में पंचायत निर्वाचन की प्रक्रिया के तहत मतदान और मतगणना कार्य सम्पन्न हुई। आत्मानंद स्कूल खड़गवां में सारणीकरण कार्य के बाद, निर्वाचित अभ्यर्थियों की घोषणा की गई और उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कुल 12 जनपद सदस्य निर्वाचित किए गए, जिनमें से प्रत्येक जनपद पंचायत के लिए एक सदस्य चुना गया। इसके अतिरिक्त, 44 सरपंच उम्मीदवारों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कुल 361 सविरोध वार्डों में पंचों की निर्वाचन घोषणा की गई, जबकि 181 निर्विरोध वार्डों के निर्वाचित पंचों को प्रमाण पत्र पहले ही 6 फरवरी 2025 को वितरित कर दिए गए थे। खड़गवां क्षेत्र में 2 जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र (क्रमांक 9 और 10) हैं, जिसमें 12 जनपद सदस्य और 44 पंचायतों के कुल 542 वार्ड पंच पदों के लिए चुनाव हुआ। सारणीकरण कार्य में, जनपद पंचायत 1 से श्यामबाई मरकाम, जनपद पंचायत 2 से रामवती पोया, जनपद पंचायत 3 से शिवरतन मरकाम, जनपद पंचायत 4 से गनराज सिंह कमरो, जनपद पंचायत 5 से वीरेंद्र करियाम, जनपद पंचायत 6 से सावित्री, जनपद पंचायत 7 से युगान्तर श्रीवास्तव, जनपद पंचायत 8 से सुनीता प्रजापति, जनपद पंचायत 9 से इंद्रवती मरावी, जनपद पंचायत 10 से सीता कुमारी, जनपद पंचायत 11 से अजय सिंह और जनपद पंचायत 12 से अमशेद सुनील सोनवानी निर्वाचित हुए हैं।

# मिशन-अस्पताल परिसर के 34 परिवारों को बेदखली नोटिस

## राजस्व सचिव ने प्रशासन के पक्ष में दिया फैसला,मिशन प्रबंधन की याचिका खारिज, 20 फरवरी तक अल्टीमेटम





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर के मिशन अस्पताल परिसर के विवाद पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव ने प्रशासन के पक्ष में फैसला दिया है। कमिश्नर कोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए क्रिश्चियन वुमन बोर्ड ऑफ मिशन हॉस्पिटल की याचिका खारिज कर दी है।

इस फैसले के बाद नजूल तहसीलदार ने मिशन अस्पताल परिसर में रहने वाले 34 परिवारों को भी बेदखली नोटिस दिया है। उन्हें 20 फरवरी तक मकान खाली करने अल्टीमेटम दिया गया है।

इधर, राजस्व सचिव के आदेश के बाद नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने नजूल विभाग को पत्र लिखकर मिशन अस्पताल के अधूरे स्ट्रक्चर को तोड़ने की अनुमति मांगी है। जिससे जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। दरअसल, अब प्रशासन यहां ऑक्सीजोन और नालंदा परिसर बनाने की योजना बना रहा है।

**100 साल से अधिक पुरानी अस्पताल बिल्डिंग को ढहाया:** मिशन अस्पताल की स्थापना 1885 में हुई थी। क्रिश्चियन वुमन बोर्ड ऑफ मिशन हॉस्पिटल को चांटापारा में 11 एकड़ जमीन आबंटित की गई थी। लीज 1966 में नवीनीकृत कर 1994 तक बढ़ाई गई थी। जिसमें निर्माण और व्यवसायिक गतिविधियों पर रोक थी। हालांकि, लीज धारकों ने इन शर्तों का उल्लंघन कर जमीन को किराए पर देकर व्यवसायिक इस्तेमाल किया और कुछ हिस्सों को बेच भी दिया।

साल 1994 में लीज समाप्त हो गई, लेकिन इसका नवीनीकरण नहीं कराया गया और जमीन पर कब्जा बना रहा। कलेक्टर अवनीश शरण ने जांच के आदेश दिए, जिससे अनियमितताओं का खुलासा हुआ। टीम ने अस्पताल के अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू की।

इस दौरान अस्पताल के जर्जर भवन पर बुलडोजर चलाकर उसे तोड़ दिया गया। दूसरी तरफ भवन तोड़ने के खिलाफ मिशनरी प्रबंधन ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी। प्रारंभिक सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने भवन तोड़ने पर रोक लगा दी थी। साथ ही राजस्व सचिव को केस की सुनवाई करने के आदेश दिए थे।

## ग्रामीणों ने मतदान दलों का गर्मजोशी के साथ किया मतदान केंद्र में स्वागत

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के विकासखंड मनेंद्रगढ़ में 20 फरवरी 2025 को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के द्वितीय चरण का मतदान होगा। इसके लिए आज जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लालपुर में मतदान दलों को आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और मतदान दलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम लिंगराज सिदार, तहसीलदार यादवेंद्र कैवर्त्य, जनपद सीईओ वैशाली सिंह, वाहन नोडल अधिकारी दयानंद तिग्गा और निर्वाचन से जुड़े अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया को एमयूडीए जमीन घोटाला मामले में लोकायुक्त से क्लीन चिट मिली

**बैंगलुरू ( एजेंसी )।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी जमीन घोटाला मामले में लोकायुक्त से क्लीन चिट मिल गई है। एमयूडीए पर आरोप है कि उसने कई लोगों को कम कीमत पर प्रॉपर्टियां दी थीं। इनमें सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को मैसूरु में पॉश इलाके में दी गईं 14 साइट्स भी शामिल हैं। ये साइट्स मैसूरु के कसाबा होबली स्थित कसारे गांव में उनकी 3.16 एकड़ जमीन के बदले दी गई थीं। 14 साइट्स 3 लाख 24 हजार 700 रुपए में आवंटित की गई थीं। ईडी ने पिछले महीने इस केस में सिद्धारमैया और अन्य की 300 करोड़ रुपए कीमत की अचल संपत्तियां जब्त की हैं।

## शिंदे बोले- हमारे बीच कोई कोल्ड वॉर नहीं

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ किसी भी तरह के मतभेद की खबरों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि महायुति गठबंधन में सब कुछ ठीक है और उनके बीच किसी भी तरह का कोई कोल्ड वॉर नहीं चल रहा है। इनके बीच अनबन की खबरें तब चर्चा में आई जब शिंदे ने मुख्यमंत्री रिलीफ फंड के जैसा मेडिकल सेल बना दिया। शिंदे के इस कदम को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए थे। शिंदे ने मंगलवार को कहा कि यह नया सेल किसी कॉम्पिटिशन व्यवस्था के रूप में नहीं बल्कि मुख्यमंत्री के वॉर रूम के साथ मिलकर काम करेगा, ताकि मरीजों को बेहतर सेवाएं मिल सकें। फडणवीस ने भी विवाद को खारिज किया मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी मतभेद की खबरों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा, इस तरह के सेल का गठन कोई गलत बात नहीं है, क्योंकि इसका मकसद जरूरतमंद लोगों की मदद करना है। जब मैं उपमुख्यमंत्री था, तब मैंने भी इसी तरह का सेल बनाया था। विपक्ष का आरोप, राज्य में दोहरी सरकार चल रही है शिंदे की यह सफाई विपक्षी दलों के आरोपों के बाद आई है, जिसमें शिवसेना के सांसद संजय राउत ने दावा किया था कि राज्य में समानांतर सरकार चलाई जा रही है। राउत ने कहा, अगर सरकार इसी तरह चलती रही तो महाराष्ट्र में राजनीतिक अस्थिरता और बढ़ेगी।

## दिल्ली-घर में आग लगी, सेकेंड फ्लोर से कूदे 6 लोग

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के नांगलोई में सोमवार रात एक दोमंजिला घर में आग लग गई। दोनों मंजिल आग की चपेट में आ गईं। इस दौरान कई लोग बिल्डिंग में फंस गए। 6 लोगों ने बिल्डिंग के सेकेंड फ्लोर से कूदकर जान बचाई। हालांकि. उन्हें चोट आई है। सभी अस्पताल में एडमिट हैं। घायल लोगों में दो महिलाएं, तीन युवक और एक नाबालिग हैं। बताया जा रहा है ये हादसा गैस लीक होने की वजह से हुआ। घटना का वीडियो अब सामने आया है।

# प्रदेश के सिंचाई रकबे को एक करोड़ हेक्टेयर तक ले जाने के लिए समय-सीमा में निर्माण गतिविधियां की जाए पूर्ण - मुख्यमंत्री

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सिंचाई के रकबे को वर्ष 2028-29 तक एक करोड़ हेक्टेयर तक करने का लक्ष्य है।

अतः सभी परियोजनाओं में निर्माण गतिविधियों का संचालन समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ - 2028 में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या ओंकारेश्वर दर्शन के लिए भी जाएगी। अतः ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी के दोनों तटों पर घाट निर्मित किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की बैठक में दिए। मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बड़ादेव संयुक्त माईक्रो सिंचाई परियोजना अंतर्गत टेरिया नाला बांध, सानेर बांध और सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के निर्माण कार्य, सोण्डवा माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना, धार उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, बहोरीबंद उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, नर्मदा-झाबुआ-पेटलावद-थांदला-सरदारपुर उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, ढीमरखेड़ा माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना, बरगी व्यपवर्तन परियोजना के अंतर्गत नहर निर्माण, महेश्वर-



जानापाव उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में ओंकारेश्वर और नावघाट-खेड़ी जिला खण्डवा में नर्मदा नदी के दोनों तटों पर घाट निर्माण और इंदिरा सागर ओंकारेश्वर पम्प स्टोरेज परियोजना पर भी चर्चा हुई। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, श्री मोहम्मद सुलेमान सहित नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित थे।

## रेखा गुप्ता का दिल्ली सीएम बनना तय

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के मुख्यमंत्री पद के लिए रेखा गुप्ता का नाम तय हो गया है। सूत्रों के मुताबिक आरएसएस ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा है, जिसे भाजपा ने मान लिया है। विधानसभा चुनाव रिजल्ट के 11 दिन बाद आज शाम 7 बजे भाजपा विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान होने के आसार हैं। मुख्यमंत्री की शपथ गुरुवार (20 फरवरी) को रामलीला मैदान में दोपहर 12:35 बजे होगी। दिल्ली के मुख्य सचिव की तरफ से भेजे गए निमंत्रण में मुख्यमंत्री के साथ मंत्रियों की शपथ का भी जिक्र है। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी दलित, पूर्वांचल और जाट का कॉम्बिनेशन बना सकती है। दो डिप्टी सीएम हो सकते हैं।



कार्यक्रम में 30 हजार मेहमानों के शामिल होने की उम्मीद है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा पहले ही साफ कर चुके हैं कि मुख्यमंत्री निर्वाचित विधायकों में से होगा। बैठक में कैबिनेट मंत्रियों के नाम की भी घोषणा हो सकती है। भाजपा विधायक रेखा गुप्ता ने कहा- भाजपा में सीएम पद का कोई भी दावेदार नहीं है। यह सब पार्टी तय करती है, जिसे भी जिम्मेदारी दी जाएगी, वह प्रतिबद्धता के साथ काम करेगा। मुझे पूरा विश्वास है कि बीजेपी के सीएम के साथ दिल्ली में एक नया अध्याय शुरू होगा। दिल्ली बहुत सारे विकास कार्यों के साथ एक नई कहानी लिखेगी, लोगों को अधिकार मिलेंगे, सभी काम होंगे। कल के शपथ ग्रहण समारोह के लिए बहुत उत्साह है। लोग इसमें शामिल होना चाहते हैं। 26 साल बाद दिल्ली अपनी क्षमता का एहसास करने के लिए तैयार है। हमारे पास बहुत सारी विकास योजनाएं हैं और समय आ गया है।

## एमपी पुलिस ने 4 नक्सलियों को मार गिराया

**बालाघाट ( एजेंसी )।** बालाघाट के गढ़ी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 4 नक्सलियों को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि कुछ घायल नक्सली जंगल की ओर भाग गए। पुलिस इलाके में सर्चिंग कर रही है। सूपखार वनक्षेत्र के रौंदा फॉरेस्ट कैंप के पास पुलिस और हॉक फोर्स की टीम ने ये कार्रवाई की है। एएसपी विजय डाबर ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। एएसपी ने बताया कि मारी गई महिला नक्सलियों के पास से एक इंसास राइफल, एक एसएलआर राइफल और एक 303 राइफल बरामद की गई है। इसके अलावा, दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री भी मिली है। एएसपी ने बताया कि नक्सलियों की तलाश के लिए जंगल में जवान सर्चिंग में जुटे हैं। हॉक फोर्स, सीआरपीएफ, कोबरा और जिला पुलिस बल की 12 से अधिक टीमें सर्च ऑपरेशन में जुटी हैं। हालांकि पुलिस की ओर से मुठभेड़ को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। मारी गई महिला नक्सलियों की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

दोपहर में सीएम डॉ. मोहन यादव ने वीडियो जारी कर पुलिस को बधाई दी है। सीएम ने X पोस्ट पर कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में गृहमंत्री अमित शाह जी वर्ष 2026 तक देश से नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए अभियान चला रहे हैं और हमारी सरकार भी इस दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है।

## दिल्ली में कांग्रेस महासचिवों और राज्य प्रभारियों की बैठक

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में महासचिवों और राज्य प्रभारियों की बुधवार (19 फरवरी) को बैठक हो रही है। इसमें राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कांग्रेस के कई नेता शामिल हुए। पिछले साल हरियाणा और महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सरकार बनाई। हाल ही में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली। कांग्रेस की इस बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगे के चुनावों की रणनीति पर चर्चा हो सकती है। कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में महासचिवों और राज्य प्रभारियों को संबोधित करते पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 14 फरवरी को 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में महासचिव और राज्य प्रभारियों की नियुक्ति की थी। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पंजाब, डॉ. सैयद नजीर हुसैन जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का महासचिव बनाया गया है।

## नेपाली स्टूडेंट सुसाइड केस, कॉलेज स्टाफ ने माफी मांगी

**भुवनेश्वर ( एजेंसी )।** ओडिशा के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी कैंपस में प्रदर्शनकारी स्टूडेंट के साथ गलत व्यवहार पर स्टाफ और यूनिवर्सिटी ने माफी मांग ली है। यह प्रदर्शन यूनिवर्सिटी की एक नेपाली स्टूडेंट के सुसाइड के बाद हुआ था। प्रदर्शन से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया था।

वीडियो में यूनिवर्सिटी की एक प्रोफेसर मंजूषा पांडे कहती हैं कि हम 40 हजार से ज्यादा स्टूडेंट को मुफ्त में खाना खिला रहे और पढ़ा रहे हैं। वहीं एक महिला कर्मचारी जयंती नाथ ने चिल्लाते हुए कहा- यह आपके देश के बजट के बराबर है। कॉलेज कैंपस में विरोध प्रदर्शन तक शुरू हुआ था, जब केआईआईटी में बीटेक (कंप्यूटर साइंस) की थर्ड ईयर की स्टूडेंट प्रकृति लम्साल ने 16 फरवरी को सुसाइड कर लिया था। आरोप था कि उसके साथी स्टूडेंट ने उसके साथ बदतमीजी की थी। हालांकि जयंति नाथ ने यह भी कहा कि यह बात इस बात का जवाब था, जिसमें कहा गया था कि भारत और केआईआईटी गरीब है।

केआईआईटी ने माफीनामा जारी किया, दो स्टाफ हटाए गए चद्धद्धञ्ज ने भी सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हुए एक लेटर जारी किया। इसमें कहा गया कि यूनिवर्सिटी के दो अधिकारियों को उनके गैर जिम्मेदाराना बयान के कारण हटा दिया गया है। हालांकि यूनिवर्सिटी ने उनके नाम नहीं लिखे हैं।

## ज्ञानेश कुमार ने चीफ इलेक्शन कमिश्नर का पद संभाला

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 1988 बैच के आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को देश के 26वें चीफ इलेक्शन कमिश्नर का पद संभाला। नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले वे पहले सीईसी हैं। उनका कार्यकाल 26 जनवरी 2029 तक रहेगा। इससे पहले सीईसी पद पर रहे राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हुए थे। ज्ञानेश कुमार



के 4 साल के कार्यकाल के दौरान 20 राज्य और 1 एक केंद्रशासित प्रदेश (पुडुचेरी) में चुनाव होंगे। शुरुआत बिहार से होगी और अंतिम चुनाव मिजोरम में होगा। ज्ञानेश कुमार के अलावा विवेक जोशी को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। वे हरियाणा के मुख्य सचिव और 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वहीं, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू अपने पद पर बने रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में 17 फरवरी को हुई बैठक में इन नियुक्तियों पर मुहर लगी थी।

## देश के 20 राज्यों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश के 20 राज्यों में बुधवार को बारिश का अलर्ट है। इसमें जम्मू- कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, बिहार, झारखंड में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

मध्य प्रदेश में दो दिन बाद पूर्वी हिस्से में बारिश के आसार हैं। भोपाल, इंदौर-जबलपुर में भी इसका का असर दिख सकता है। इससे पहले मंगलवार को प्रदेश के ज्यादातर शहरों में दिन का तापमान 30 डिग्री के पार ही रहा। वहीं भोपाल में 32.2 डिग्री, इंदौर में 31.5 डिग्री दर्ज किया गया। इधर, राजस्थान में तापमान में 4ए तक गिरावट आई है। राजस्थान के 10 जिलों में आज (बुधवार) आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। 20 फरवरी को भी आंशिक तौर पर मौसम ऐसा ही बना रहेगा, वहीं 21 फरवरी से प्रदेश में मौसम ड्राई होगा और तापमान में बढ़ोतरी होगी। राजस्थान के 10 जिलों में आज आंधी-बारिश, ओले का अलर्टमौसम में बदलाव के बाद दिन का तापमान 4 डिग्री तक गिरा राजस्थान के 10 जिलों में आज (बुधवार) आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

## योगी बोले- संगम का जल नहाने और आचमन लायक है

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** संगम में फेकल बैक्टीरिया रिपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी विधानसभा में कहा- त्रिवेणी के पानी की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे है। संगम और उसके आसपास के सभी पाइप और नालों को टेप कर दिया गया है। पानी को शुद्ध करने के बाद ही छोड़ा जा रहा है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पानी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए



लगातार निगरानी कर रहा है। आज की रिपोर्ट के अनुसार, संगम के पास बीओडी की मात्रा 3 से कम है और घुलित ऑक्सीजन 8-9 के आसपास है। इसका मतलब है कि संगम का पानी न केवल नहाने के लिए बल्कि आचमन के लिए भी उपयुक्त है। फेकल कोलीफॉर्म बढ़ने के कई कारण हो सकते हैं, जैसे सीवेज लीकेज और जानवरों का मल, लेकिन प्रयागराज में फेकल कोलीफॉर्म की मात्रा मानकों के अनुसार 2500 एमपीएन प्रति 100 एमएल से कम है। इसका मतलब है कि झूठा अभियान केवल महाकुंभ को बदनाम करने के लिए है। एनजीटी ने भी कहा है कि फेकल अपशिष्ट 2000 एमपीएन प्रति 100 एमएल से कम था।

## महाकुंभ के कारण चार राज्यों की 46 ट्रेनें कैंसिल कीं

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रयागराज महाकुंभ खत्म होने में अब सिर्फ 7 दिन बचे हैं। 38 दिनों में कुल 55.56 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई है। रेलवे ने महाकुंभ के चलते विभिन्न राज्यों से प्रयागराज जाने वाली 46 ट्रेनें कैंसिल कर दी हैं।

राजस्थान से 10, हरियाणा से 4, मप्र होकर जाने वाली 16 और बिहार से जाने वाली 16 ट्रेनें कैंसिल कर दी हैं। इसके अलावा कई ट्रेनों के रूट भी बदले गए हैं। जयपुर, जोधपुर, अजमेर और बीकानेर से चलने वाली 10 ट्रेनें रद्द की गई हैं। एक ट्रेन के रूट में भी बदला है। रेलवे कई ट्रेनों के रेक का उपयोग महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों के संचालन में कर रहा है। इससे उनकी कैंसिलेशन अवधि बढ़ा दी गई है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया- महाकुंभ के दौरान बढ़ती भीड़ को देखते हुए ट्रेनों को कैंसिल किया गया है। इससे जयपुर समेत राजस्थान के अन्य शहरों से प्रयागराज और पूर्वी भारत जाने वाले यात्रियों को परेशानी होगी।

## उप्र विधानसभा में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी गयी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में बुधवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी गयी। बजट सत्र के दूसरे दिन विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना ने पूर्व प्रधानमंत्री सिंह के निधन पर शोक प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह के निधन से देश को अपूरणीय क्षति हुई है। महाना ने कहा कि सिंह के निधन से पूरा सदन शोकाकुल है। अध्यक्ष ने अपनी और सदन की ओर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। विधानसभाध्यक्ष ने दो बार प्रधानमंत्री रह चुके डॉक्टर मनमोहन सिंह के संपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला। महाना ने बताया कि सिंह छह बार राज्यसभा के सदस्य और 1998 से 2004 तक राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष भी रहे। उन्होंने भारत सरकार के महत्वपूर्ण मंत्रालयों और विभागों में कार्य किया। भारत में आर्थिक सुधारों के जनक कहे जाने वाले पूर्व वित्त मंत्री और दो बार प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह का पिछले वर्ष 26 दिसंबर को निधन हो गया था। वह 92 साल के थे। कांग्रेस नेता सिंह 2004 से 2014 तक, 10 वर्ष देश के प्रधानमंत्री रहे। उससे पहले उन्होंने वित्त मंत्री के रूप में देश के आर्थिक ढांचे को मजबूत करने में मदद की। विधानसभा के दो पूर्व सदस्यों को भी श्रद्धांजलि दी गयी, जिनकी हाल में मृत्यु हो गयी थी। फतेहपुर जिले के बिंदकी क्षेत्र के पूर्व विधायक अमरजीत सिंह जनसेवक और गोंडा जिले के कर्नलगंज क्षेत्र के पूर्व विधायक अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला के निधन पर अध्यक्ष ने शोक प्रस्ताव रखा।

## पत्नी के साथ खरीदी प्रॉपर्टी सस्ती होगी

**जयपुर ( एजेंसी )।** राजस्थान की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने भजनलाल सरकार दूसरा पूर्ण बजट पेश किया। करीब 138 मिनट के बजट भाषण में दीया कुमारी की सबसे बड़ी घोषणा युवाओं के लिए रही। सरकार अगले एक साल में सवा लाख भर्ती करेगी। प्राइवेट सेक्टर में भी डेढ़ लाख नौकरियां दिलवाई जाएंगी।

फाइनेंस मिनिस्टर ने बिजली के बिल में भी राहत देने की कोशिश की है, लेकिन 150 यूनिट फ्री वाली घोषणा में सरकार ने कंडीशन लगा दी है। सरकार 5 लाख नए घरेलू बिजली कनेक्शन और 5 हजार नए कृषि कनेक्शन भी देगी। 20 लाख घरों में नल कनेक्शन दिया जाएगा।

वहीं, जलदाय विभाग में 1050 नए टेक्निकल पदों पर भी भर्ती की जाएगी।



राजस्थान में अब पत्नी के साथ खरीदी गई 50 लाख तक की प्रॉपर्टी सस्ती होगी। सरकार ने बजट में स्टांप ड्यूटी में आधा प्रतिशत छूट की घोषणा की है। 138 मिनट के भाषण में दीया कुमारी ने राजस्थान का 3 लाख 25 हजार करोड़ से ज्यादा का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान को 2030 तक 30 लाख करोड़ की इकोनॉमी बनाना है।

पत्नी के साथ संयुक्त नाम से खरीदी गई 50 लाख तक की संपत्ति सस्ती होगी। इसमें स्टाम्प ड्यूटी में आधा प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके अलावा सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ाई है। अब इस योजना में प्रतिवर्ष 9 हजार रुपए मिलेंगे। बजट की घोषणाएं अप्रैल 2025 से लागू होंगी।

# बीसीसीआई ने दी राहत, अब चैम्पियंस ट्रॉफी में एक मैच के लिए अपने परिवार को बुला सकेंगे खिलाड़ी

**मुम्बई ( एजेंसी )।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी का एक मैच देखने के लिए भारतीय खिलाड़ियों का परिवार दुबई जा सकता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद कहा था कि लंबे दौरे में ही खिलाड़ियों का परिवार कुछ समय के लिए ही उनके साथ रह सकता है। बीसीसीसी ने ये नियम इसलिए बनाया था ताकि खिलाड़ी खेल पर ही ध्यान केन्द्रित कर सकें। इसी कारण चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए दुबई गयी भारतीय टीम के किसी भी खिलाड़ी के साथ परिवार नहीं था। वहीं अब बीसीसीआई ने लचीला रुख अपनाते हुए कहा है कि खिलाड़ी एक मैच के लिए अपने परिवार को अपने साथ रख सकेंगे। अभी तक कहा जा रहा था कि चैम्पियंस ट्रॉफी छोटा टूर्नामेंट है। ऐसे में परिवार को खिलाड़ियों के साथ रहने और वीवीआईपी बॉक्स से मैच देखने की अनुमति नहीं होगी! वहीं अब एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बीसीसीआई ने केवल एक मैच के लिए परिवार को साथ रखने और मैच देखने की अनुमति दी है।

हाल ही में टीम मैनेजमेंट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया से मुलाकात की थी और उस बैठक के बाद ही ये तय हुआ था कि है कि खिलाड़ी एक मैच के लिए अपने परिवार को दुबई बुला सकते हैं। हालांकि, बीसीसीआई ने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि खिलाड़ी को बोर्ड को बताना होगा कि किस मैच के लिए वे अपने परिवार को बुला रहे हैं, क्योंकि इसमें पारदर्शिता होनी चाहिए। बोर्ड की अनुमति के बाद ही खिलाड़ियों को परिवार को साथ रखने की अनुमति दी जाएगी।

# आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी में हेड, शुभमन सहित ये बल्लेबाज निभा सकते हैं अहम भूमिका

**दुबई ( एजेंसी )।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के मुकाबले बुधवार से शुरु हो रहे हैं। इसमें मेजबान पाकिस्तान सहित 8 टीमें भाग ले रही हैं। इस बार ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस, भारत के जसप्रीत बुमराह सहित कई टीमों के प्रमुख खिलाड़ी चोटिल होने के कारण बाहर हैं। ऐसे में चैम्पियंस ट्रॉफी में ट्रेविस हेड , शुभमन गिल सहित ये खिलाड़ी अंतर पैदा कर सकते हैं।

ट्रेविस हेड = ऑस्ट्रेलिया के हेड एक मैच विजेता खिलाड़ी हैं। अपनी बल्लेबाजी से वह अभी भी खेल का रुख मोड़ देते हैं। पिछले कुछ साल इस बल्लेबाज को काफी सफलता मिली हैं और वह इस सिलसिले को बनाये रखना चाहेंगे। उन्होंने पिछले कुछ समय से नॉक आउट मुकाबलों में भारत को काफी परेशान किया है और ऐसे में बल्लेबाजी की अनुकूल पिचों पर हेड एक बार फिर गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने में पीछे नहीं रहेंगे।

शुभमन गिल = एकदिवसीय प्रारूप में 60 की शानदार औसत और 101 से अधिक के शानदार स्ट्राइक रेट के साथ सात शतक और 15 अर्धशतक लगाने वाले भारतीय टीम के बल्लेबाज शुभमन ने 50 एकदिवसीय मुकाबलों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। यह ऐसा प्रारूप है जिसमें वह जिम्मेदारी उठाने वाले खिलाड़ी हो सकते हैं। ऐसे में इस टूर्नामेंट में उनके पास बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी क्षमताओं को दिखाने का अवसर है।फखर जमा = पाकिस्तान के फखर जमां ने पिछले चैम्पिसं ट्रॉफी फाइनल में शानदार शतक लगाकर भारतीय टीम के हाथों में आया खिताब छीन लिया था।वह एक भरोसेमंद बल्लेबाज होने के साथ ही आक्रामक शॉट भी खेलने में माहिर हैं।

# मस्ती के मूड में दिखे टीम इंडिया के प्लेयर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अक्सर आपने कई क्रिकेटर्स से सुना होगा की टीम इंडिया का सबसे भुलक्कड़ खिलाड़ी रोहित शर्मा है। वह बातों को जल्दी भूल जाते हैं, जिस कारण उनका कई बार मजाक भी उड़ता है। लेकिन अब जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है उसमें आप उनकी यादाश्त को देखकर हैरान रह जाएंगे।

बता दें कि, ये वीडियो बीसीसीआई ने शेयर किया है। जिसकी शुरूआत में रवींद्र जडेजा और रोहित शर्मा के बीच बातचीत होते हुए दिख रही है। इस दौरान दोनों हिसाब लगा रहे हैं कि वो दोनों कितने आईसीसी के मीडिया डे पर गए हैं? वीडियो में आप देखेंगे कि रवींद्र जडेजा के सवाल पर रोहित शर्मा कहते हैं कि उन्होंने 9 टी20 वर्ल्ड कप के अलावा 3 वनडे वर्ल्ड कप, 2 चैंपियंस ट्रॉफी और 2 डब्ल्यूटीसी के साथ इस बार की चैंपियंस ट्रॉफी मिलाकर कुल 17 बार आईसीसी के मीडिया डे पर जा चुके हैं। रोहित शर्मा के जवाब के बाद जडेजा बताने लगे की उन्होंने कौनसा-कौनसा आईसीसी इवेंट नहीं खेला है। बहरहाल, सोशल मीडिया पर रवींद्र जडेजा और रोहित शर्मा का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

इसके अलावा सोशल मीडिया यूजर्स लगातार कमेंट्स कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। बता दें कि, टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दुबई पहुंच गई है। इस टूर्नामेंट का आगाज 19 फरवरी से हो रहा है। वहीं भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। भारत और बांग्लादेश के बीच मुकाबला 20 फरवरी को खेला जाएगा। इसके बाद रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी।

# जिन्होंने रहाणे-सूर्या का विकेट झटका, चारों तरफ हो रही चर्चा

**मुंबई ( एजेंसी )।** मुंबई क्रिकेट टीम भारत के घरेलू इतिहास की सबसे सफल टीम है। इस टीम ने 42 बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता है। एक बार फिर ये टीम खिताबी जीत के रास्ते पर थी, लेकिन इसमें कांटे पैदा कर दिए हैं विदर्भ के बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ रेखड़े ने। ये स्पिनर मुंबई के लिए सिलेबस से बाहर का साबित हुआ। नागपुर के विदर्भ क्रिकेट संघ स्टेडियम में मुंबई और विदर्भ के बीच रणजी ट्रॉफी का दूसरा सेमीफाइनल मैच खेला जा रहा है। इस मैच का आज मंगलवार को दूसरा दिन है और मुंबई की हालात खराब हो गई है। पार्थ ने मुंबई के मजबूत मिडिल ऑर्डर को तहत नहस कर दिया। विदर्भ ने दिन की शुरुआत पांच विकेट के नुकसान पर 308 रनों के साथ की थी। मुंबई ने उसके बाकी बचे पांच विकेट 75 रनों के भीतर गिरा दिया। इस तरह विदर्भ ने पहली पारी में 383 रन बनाए। इसके बाद मुंबई को बका विकेट ल्लेबाजी करने उतरना था। 18 रनों के कुल स्कोर पर मुंबई ने आयुष महात्रे का विकेट खो दिया जो 9 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद आकाश आनंद और सिद्धेशे लाड़ ने पारी को संभाला और स्कोर 85 तक पहुंचाया। यश ठाकुर ने सिद्धेश आउट किया जिन्होंने 35 रन बनाए। बता दें कि, पार्थ को लाल गेंद से गेंदबाजी करने का ज्यादा अनुभव नहीं है। ये उनका दूसरा ही फर्स्ट क्लास मैच है। अपना पहला मैच उन्होंने हैदराबाद के खिलाफ खेला था और इसमें चार विकेट लिए थे। इस मैच को दोनों पारियों में उन्होंने 54 रन भी बना थे। 19 जुलाई 1999 को नागपुर में पैदा हुए पार्थ ने विदर्भ की अंडर-19 क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व भी किया। अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने के बाद ही वह टीम में आए। पार्थ बाएं हाथ के स्पिनर हैं। वह विदर्भ के लिए लिस्ट ए मैचों में भी कमाल कर चुके हैं। वह आठ मैचों में 9 विकेट ले चुके हैं टी20 में उन्होंने 12 मैच खेले हैं और 17 विकेट चटकाए हैं।





# भारत- पाकिस्तान मैच में किसे मिलेगी जीत?




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज होने में अब बस कुछ ही घंटे शेष हैं। लेकिन इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा इंतजार अगर किसी मुकाबले का किया जा रहा है तो वो है भारत बनाम पाकिस्तान मैच जिसका आयोजन 23 फरवरी को दुबई में किया जाएगा। इस मुकाबले को लेकर पूर्व दिग्गज क्रिकेटर्स कई तरह की भविष्यवाणी कर रहे हैं साथ ही साथ ये भी बता रहे हैं कि किसी जीत की संभावना ज्यादा है।

अब पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी मोहम्मद यूसुफ ने भी बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच में किस टीम की जीत की संभावना ज्यादा है और कौन टीम इस बार चैंपियन बनेगी। मोहम्मद यूसुफ का मानना है कि पाकिस्तान की टीम अपने खिताब की रक्षा करने में कामयाब रहेगी और इसके अलावा उनका ये भी मानना है कि भारत-पाकिस्तान मुकाबले में उनकी टीम का पलड़ा भारत केखिलाफ भारी रहेगा।

यूसुफ ने समा टीवी पर बात करते हुए कहा कि पाकिस्तान की टीम इस बार मेरी फेवरिट टीम है साथ ही वो जीत का बड़ा दावेदार है क्योंकि वो अपने सभी मैच अपने घरेलू मैदान पर खेलेगा। उन्होंने कहा कि भारत के पास भी संतुलित टीम है, लेकिन पाकिस्तान का पलड़ा भारी है क्योंकि वो घरेलू परिस्थितियों में खेल रहे हैं, लेकिन उन्हें टूर्नामेंट में सोच-समझकर क्रिकेट खेलना होगा।

# अब लॉकी फर्ग्यूसन चोट के कारण टूर्नामेंट से हुए बाहर



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 19 फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज हो चुका है। मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला मुकाबला खेला जाना है, लेकिन इस मुकाबले से ठीक पहले न्यूजीलैंड की टीम को एक और झटका लगा है। दरअसल, तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह काइल जैमीसन टीम का हिस्सा होंगे। इससे पहले भी न्यूजीलैंड अपने स्क्वॉड में एक बदलाव कर चुका है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने जानकारी देते हुए कहा कि रविवार को कराची में अफगानिस्तान के खिलाफ अनौपचारिक अभ्यास मैच में गेंदबाजी करने के बाद फर्ग्यूसन को अपने दाहिने पैर में कुछ दर्द महसूस हुआ और प्रारंभिक चिकित्सा मूल्कांकन से संकेत मिला कि वह पूरे टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए पर्याप्त रूप से फिट नहीं होंगे। ऐसे में लॉकी फर्ग्यूसन को पैर की चोट के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर कर दिया गया है। चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत के करीब होने और टूर्नामेंट की छोटी प्रकृति को देखते हुए, फर्ग्यूसन को रिहैब शुरू करने के लिए घर भेजने का निर्णय लिया गया। तेज गेंदबाज काइल जैमीसन टीम में फर्ग्यूसन की जगह लेंगे और आज शाम पाकिस्तान के लिए रवाना होंगे। ऐसे में वे पाकिस्तान के खिलाफ 19 फरवरी को आयोजित होने वाले मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। जैमीसन ने दिसंबर में सुपर स्मैश में कैंटरबरी किंग्स के लिए घरेलू क्रिकेट में वापसी की थी। वे अपनी पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के रिहैब के लिए 10 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे। हाल ही में पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका के साथ न्यूजीलैंड ने खेली ट्राई सीरीज के दौरान बेन सियर्स भी चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। उनकी जगह जैकब डफी को चैंपियंस ट्रॉफी टीम में शामिल किया गया था।

# जानें कैसा है रोहित शर्मा का चैंपियंस ट्रॉफी में रिकॉर्ड? क्रिस गेल को इस मामले में छोड़ सकते हैं पीछे



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 19 फरवरी से होगी। इस मेगा टूर्नामेंट में टीम इंडिया के सभी मैच दुबई में खेले जाएंगे जबकि अन्य टीमें अपने सभी मैच पाकिस्तान में ही खेलेंगी। भारत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले से अपने अभियान की शुरुआत करेगा। वहीं इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया के रोहित शर्मा कई रिकॉर्ड बना सकते हैं। पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतने के बाद रोहित 37 वर्ष की उम्र में ये खिताब देश को दिलाना चाहते हैं। वह तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में उतरेंगे। रोहित शर्मा के चैंपियंस ट्रॉफी में रिकॉर्ड की बात करें तो वो अच्छा ही रहा है। उन्होंने टूर्नामेंट में अभी तक 10 मैच खेले हैं और 53.44 की औसत से 481 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 82.50 का रहा। रोहित ने चैंपियंस ट्रॉफी में एक शतक और चार अर्धशतक लगाए हैं। रोहित टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा फिफ्टी लगाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। कुमार संगाकारा और रिकी पोंटिंग जैसे दिग्गजों ने भी चार फिफ्टी जमाई हैं। चैंपियंस ट्रॉफी का आखिरी सीजन 2017 में खेला गया था। रोहित ने 8 साल पहले टूर्नामेंट में गर्दा उड़ाथा था। वह तब चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर्स की फेहरिस्त में दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने इंग्लैंड की सरजमीं पर पांच मैचों में 76.00 की शानदार औसत से 304 रन बटोरे थे। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 129 गेंदों में नाबाद 123 रनों की पारी खेली थी, जिसमें 15 चौके और एक छक्का शामिल है। उन्होंने 2013 में आयोजित चैंपियंस ट्रॉफी में पांच मैचों में 177 रन बनाए थे। वहीं इस बार चैंपियंस ट्रॉपी में रोहित शर्मा के पास सुनहरा मौका है। वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में 14वें नंबर पर हैं। वह इस लिस्ट में नंबर वन बन सकते हैं लेकिन उन्हें 2017 जैसा कारनामा करना होगा। बता दें कि, रोहित शर्मा को नंबर वन बनने के लिए 311 रनों की जरूरत है। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है। उन्होंने 17 मैचों में 791 रन जोड़े हैं।

# विराट कोहली की इन 6 रिकॉर्ड्स पर नजर, सचिन-गेल को पछाड़ने का सुनहरा मौका

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 बुधवार से शुरू होने जा रही है। टूर्नामेंट वनडे फॉर्मेट में आयोजित होगा। वहीं इस मेगा इवेंट में भारत अपने अभियान की शुरूआत बांग्लादेश के खिलाफ 20 फरवरी से करेगा। बता दें कि, हाइब्रिड मॉडल के तहत भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। वहीं इस दौरान टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली एक नहीं बल्कि 6 धांसू रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। जिससे वह सचिन तेंदुलकर और क्रिस गेल को पछाड़ सकते हैं। कोहली सबसे तेज 14 हजार वनडे रन कंप्लीट करने का कीर्तिमान रच सकते हैं। उन्हें ये उपलब्धि हासिल करने के लिए महज 37 रन की जरूरत है। उन्होंने अभी तक 297 वनडे मैचों की 185 पारियों में 13,963 रन बनाए हैं। कोहली महान बल्लेबाज सचिन का रिकॉर्ड ध्वस्त करेंगे, जिन्होंने 350 वनडे पारियों में 14000 रन पूरे किए। सचिन के अलावा श्रीलंका के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर कुमार संगाकारा ने 14 हजार वनडे रन का आंकड़ा पार किया। दाएं हाथ के बल्लेबाज



कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं। उनके पास ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोटिंग को पछाड़ने का मौका है। कोहली ने भारत के लिए सभी फॉर्मेट में 545 मैच खेले हैं और 27,381 रन बनाए हैं। अगर वह चैंपियंस ट्रॉफी में कम से कम 103 रन बनाने में सफल रहे तो पोंटिंग को पीछे छोड़ देंगे। पोंटिंग ने अपने करियर में ऑस्ट्रेलिया के लिए 560 मैच खेले और 27,483 रन बनाए। 36 वर्षीय कोहली वनडे फॉर्मेट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन सकते हैं। उन्हें ऐसा करने के लिए 271 रनों की आवश्यकता है। कोहली संगकारा को पछाड़ेंगे, जिन्होंने 404 वनडे मैचों में 14234 रन बटोरे। वनडे में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर (18,436) के नाम दर्ज है। कोहली इसके अलावा वनडे में बतौर फील्डिर दूसरे सबसे ज्यादा कैच लेने वाले क्रिकेटर बन सकते हैं। वह फिलहाल 154 कैच के साथ चौथे स्थान पर हैं। उन्हें मोहम्मद अजहरुद्दीन से आगे निकलने के लिए तीन और रिकी पोंटिंग से आगे निकलने के लिए सात कैच की दरकार है। इस लिस्ट में टॉप पर महेला जयवर्धने 218 कैच के साथ हैं। इसके अलावा कोहली चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं। उन्होंने चैंपियंस ट्रॉपी में 13 मैचों में 88.16 की औसत से 529 रन बनाए हैं। वह सर्वाधिक रन बनाने वाले प्लेयर्स की लिस्ट में 11वें पायदान पर हैं। कोहली को नंबर वन बनने के लिए 262 रनों की दरकार है। चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अभी गेल के नाम है। वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर गेल ने टूर्नामेंट में 17 मैचों में 52.73 की औसत से 761 रन जोड़े। कोहली चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा फिफ्टी जड़ने का कीर्तिमान भी रच सकते हैं।

# बॉलिंग कोच ने अचानक बीच में टीम को छोड़ा, बुमराह की गैरमौजूदगी में भारत की गेंदबाज बनी बड़ी चुनौती

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलना है। लेकिन उससे पहले टीम इंडिया की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। पहले जसप्रीत बुमराह के बिना कमजोर नजर आ रही टीम इंडिया के एक और झटका लगा है। दरअसल, टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल पारिवारिक इमरजेंसी के कारण दक्षिण अफ्रीका अपने घर रवाना हो गए। इस नाजुक मौके पर टीम का मनोबल गिरा हुआ है।

मोर्ने मोर्कल को पिछले साल सितंबर में भारत का गेंदबाजी कोच बनाया गया था। वह शनिवार को भारतीय टीम के साथ दुबई पहुंचे और बुधवार से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी से पहले शुरुआती सत्र में भी मौजूद थे। वह सोमवार को दूसरे अभ्यास सत्र में भारतीय टीम के साथ नहीं थे। मोर्कल टीम के साथ दोबारा कब जुडेंगे। वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दुबई आएंगे भी या नहीं फिलहाल इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता।

लोअर बैक इंजरी से जूझ रहे जसप्रीत बुमराह टूर्नामेंट से बाहर है, जिससे तेज आक्रमण का दारोमदार मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा पर है जबकि हार्दिक पंड्या चौथा विकल्प हैं। शमी खुद चोट से वापसी कर रहे हैं, जो नवंबर 2023 में हुए वनडे वर्ल्ड कप के बाद से इक्का-दुक्का मैच ही मैच पाए हैं।



वर्ल्ड कप के समान कठिन माने जाने वाले टूर्नामेंट में आठ टीमें खिताब के लिए जोर आजमाइश करेंगी और अपने क्रिकेट इतिहास का सुनहरा अध्याय लिखने की कोशिश में होंगी। टीम इंडिया के मैच दुबई में होंगे जबकि बाकी अन्य टीमें अपने सभी मैच पाकिस्तान के तीन शहर रावलपिंडी, लाहौर और कराची में खेलेंगी।

# रीवा सैनिक स्कूल के निष्कासित 72 बच्चों की बहाली के लिए 90 फीट ऊपर पानी की टंकी में चढ़ा पूर्व सैनिक

### कक्षा 12वीं को एक साथ निलंबित कर दिया गया था

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा सैनिक स्कूल के 72 बच्चों के निलंबन की बहाली की मांग को लेकर करीब 90 फीट ऊंची पानी की जर्जर टंकी पर एक पूर्व सैनिक चढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक बच्चों की बहाली नहीं होगी तब तक वह नीचे नहीं उतरेंगे। बता दें कि पांच दिन पूर्व सैनिक स्कूल प्रबंधन द्वारा कक्षा 12वीं के एक साथ निलंबित कर दिया गया था। जिसे लेकर एक भूतपूर्व सैनिकने सैनिक स्कूल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।





हालांकि इस दौरान भूतपूर्व सैनिक संगठन के तमाम पदाधिकारी सहित समान थाने की पुलिस घंटों प्रदर्शनकारी को समझाइश देने का प्रयास करती रही, लेकिन प्रदर्शनकारी बच्चों की बहाली को लेकर अपनी मांग पर अड़ा रहे। इस मामले में जानकारी देते हुए भूतपूर्व सैनिक यज्ञ प्रताप सिंह ने बताया है कि मध्य प्रदेश की इकलौती रीवा की सैनिक स्कूल के प्राचार्य द्वारा तालिबानी फरमान जारी करते हुए एक साथ 72 बच्चों को निलंबित कर दिया गया। पूरे घटनाक्रम की जानकारी लगते ही प्रशासन के प्रतिनिधि के तौर पर हुजूर तहसील के तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला ने आश्वासन दिया कि बच्चों के भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। तहसीलदार द्वारा दी गई समझाइश औरआश्वासन के बाद भूर पूर्व सैनिक पानी की टंकी से नीचे उतर आए।

## रीवा में फिर सक्रिय हुए बाइकर्स गैंग महिला को बनाया लूट का शिकार, पति-पत्नी हुए घायल



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में फिर सक्रिय हुए बाइकर्स गैंग महिला को लूट का शिकार बना डाला। पीड़ित महिला पेसे से स्टाफ नर्स है जो अपने पति के साथ बाइक पर पेपर देने के लिए रीवा से सतना जा रही थी तभी बाइक सवार बदमाशों ने रास्ते में लूट की इस वारदात को अंजाम दिया। इस घटना में महिला बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे फिलहाल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में पीड़िता मनोज कुमारी ने बताया कि वह सीधी जिले में स्टाफ नर्स है। बीती रात सीधी से आकर वह रीवा के संजय नगर में रुकी हुई थी, जहां से आज सुबह अपने पति के साथ ग्रुप फाइव का पेपर देने के लिए रीवा से सतना जा रही थी।

घटना चोरहटा थाना क्षेत्र के सन एंड मून गार्डन के सामने हुई। जहां सुबह तकरीबन 6.30 बजे बाइक सवार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है। पीड़िता ने बताया कि पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर कंधे में टंगा हुआ उसका बैग छीना और तब तक नहीं छोड़ा जब तक महिला जमीन पर नहीं गिर गई इसके बाद आरोपी बैग छीनकर फरार हो गए। लूट की इस घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हुई है। गनीमत रही कि महिला और उसका पति दोनों हेलमेट लगाए हुए थे जिससे उनके सिर पर गंभीर चोटें नहीं आई और उनकी जान बच गई।

## अहिंसा वेलफेयर सोसायटी द्वारा बाल विवाह को रोका गया

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** हाल ही में अहिंसा वेलफेयर सोसायटी द्वारा बाल विवाह को रोकने में सफलता प्राप्त की। संगठन ने स्थानीय अधिकारियों और समाज के सहयोग से इस विवाह को रुकवाया, जिससे एक नाबालिग लड़के का जीवन बच गया। सोसायटी ने बताया कि यह विवाह और इसके जरिए वह गंभीर शारीरिक और मानसिक नुकसान का सामना कर सकता था।

अहिंसा वेलफेयर सोसायटी रीवा के समन्वयक ने कहा कि बाल विवाह समाज की एक गंभीर समस्या है और इसे रोकने के लिए जन जागरूकता और सही कानूनी कदमों की जरूरत है। संगठन ने स्थानीय समुदाय से अपील की कि वे बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और किसी भी प्रकार के बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाएं। इस मामले में महिला बाल विकास



,स्थानीय सरपंच सचिव और संस्था के प्रतिनिधि चक्रपाणि मिश्र ,राजरखन पटेल ने मिलकर बाल विवाह को रोका और लड़के को सुरक्षित किया। इस पहल को लेकर समाज में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखी जा रही है और लोगों ने अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के प्रयासों की सराहना की।

## कलेक्टर-एसपी दिल्ली तलब, ज्योती स्कूल में बच्चे के साथ अमानवीयता का मामला

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा के ज्योति किंडर गार्डन स्कूल में बच्चे के साथ हुए अमानवीय व्यवहार के मामले में भाजपा नेता की शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने ना सिर्फ मामले को संज्ञान में लिया बल्कि कलेक्टर एसपी से मांगी गई रिपोर्ट ना मिलने पर उनके विरुद्ध संमन जारी कर दिल्ली तलब किया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा जारी संमन में स्पष्ट रूप से कलेक्टर-एसपी को कारवाई के लिए निर्देशित किया गया। बतादें की ज्योति किंडर गार्डन स्कूल में ठंड के मौसम में केजी के छात्र द्वारा नितक्रिया करने पर उससे ना सिर्फ साफ सफाई कराई गई बल्कि बच्चे से कपड़े तक धुलवाए और उसे कड़कड़ाती ठंड में गीले कपड़ों में बिठाकर रखा गया। स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चे के साथ किए गए इस अमानवीय व्यवहार पर भाजपा




नेता गौरव तिवारी ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी, जिसे आयोग ने संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर व एसपी को दो बार नोटिस जारी कर कारवाई के संबंध मेंजवाब तलब किया।

बताया गया कि नोटिस के बाद भी 17 फरवरी तक जवाब ना देने के बाद आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के विरुद्ध संबंध जारी कर आदेश दिया है कि 28 फरवरी को नई दिल्ली में आयोग के समक्ष प्रस्तुत हो एवं स्कूल प्रबंधन पर क्या कार्रवाई हुई है एवं आयोग को जवाब तय समय तक क्यों नहीं दिया गया। उस पर अपना स्पष्टीकरण दें। माना जा रहा है कि अगर दोनों अधिकारियों के जवाब से आयोग असंतुष्ट रहा तो ऐसे मामले में आयोग स्वतः सभी कारवाई एवं स्कूल प्रबंधन के ऊपर एफआईआर दर्ज करा सकता है।

## सिकल सेल एनीमिया के उपचार के लिये प्रमाणित और उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं का ही किया जाये उपयोग



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सिकल सेल एनीमिया के बेहतर प्रबंधन और उपचार की व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि सिकल सेल एनीमिया के उपचार के लिये प्रमाणित और उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं का ही उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने दवा आपूर्ति श्रृंखला को सुचारु बनाए रखने और गुणवत्तायुक्त दवाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मंत्रालय में विभागीय विषयों की समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-अभीम) के तहत चल रहे अधोसंरचना विकास कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवीन जिला चिकित्सालयों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जाए ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सुपरस्पेशलिटी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उनके मानदेय एवं अन्य प्रोत्साहन उपायों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने अधिकारियों को इस संबंध में प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, एमडी एमपीपीएचएससीएल मयंक अग्रवाल, संचालक प्रवीण सिंह अढ़ायच, एमडी एनएचएम डॉ. सलोनी सिडाना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रदेश स्तरीय ओपन विशेष भर्ती के तहत रोजगार मेले का आयोजन आज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के तहत प्रदेश स्तरीय ओपन विशेष भर्ती अभियान में 20 फरवरी को रोजगार मेले का आयोजन स्थानीय टीआरएस कालेज में किया गया है। प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी के मार्गदर्शन में डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्राइवेट लिमिटेड पुणे एवं टीआरएस कालेज के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार मेला आयोजित होगा। संभागीय समन्वयक नोडल अधिकारी डॉ. अच्युत पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश में 10 फरवरी से 10 मार्च तक आयोजित किये जा रहे। विशेष भर्ती अभियान में 50 हजार युवाओं को रोजगार देने के अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं डीएमसीएफ के एचआर पवन पाण्डेय ने बताया कि रीवा में आयोजित विशेष भर्ती अभियान में स्किल डेवलपमेंट, एजुकेशन, कृषि, निर्माण एवं माइक्रो फाइनेंस सेक्टर की 10 कंपनियाँ भाग लेगीं। 10 से 40 वर्ष आयु के अभ्यर्थी जिन्हें 15 हजार रूपये से 30 हजार रूपये तक का वेतन देय होगा। रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। रोजगार मेले में लगभग 1200 युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेगे।

## युवती की मौत पर बवाल, चक्का जाम कर परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवती की मौत के बाद परिजनों ने आज हत्या का आरोप लगाते हुए रीवा-सतना मार्ग में चका जाम कर दिया। आरोप है कि चाकू से गोदकर युवती की हत्या की गई और फिर शव को पेड़ से लटका दिया गया, वहीं मामले में रेप की भी आशंका जताई गई है। आक्रोशित परिजन सहित ग्रामीण युवती की मौत पर हत्या का प्रकरण दर्ज कराने और आरोपी को गिरफ्तार कराने की मांग को लेकर सड़क पर चक्काजाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित परिजनों को समझाइश देने का प्रयास किया और मामले की जांच कर कार्रवाई का भी आश्वासन दिया है। बतादें कि रीवा शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र में एक दिन पूर्व युवती काशव पेड़ से लटकता पाया गया था, मामले में पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई कर शव का पीएम कराने के बाद आज परिजनों के सुपुर्द किया गया। जिसके बाद परिजन शव लेकर चोरहटा पहुंचे और रीवा-सतना मार्ग में चक्काजाम कर दिया।

आरोप है कि युवती के जान पहचान के ही एक शख्स ने उसकी हत्या की है और शव को पेड़ से लटका दिया। आक्रोशित परिजनों ने रीवा-सतना मार्ग में चका जाम कर कारवाई की मांग पर अड़े रहे। सड़क पर चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच मार्ग के दोनों ओर भीषण जाम की स्थिति निर्मित हो गई। इस जाम में महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालु भी भारी संख्या में फंसे रहे। पुलिस प्रशासन दलबल के साथ मौके पर पहुंचा है और आक्रोशित लोगों को समझाइश देने का प्रयास किया।

## रीवा के कलाकारों का म्यूजिक वीडियो 'दरस की बेला' रिलीज



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा के संगीतकार प्रभात गौतम का म्यूजिक वीडियो "दरस की बेला" जी म्यूजिक कम्पनी ने रिलीज किया है। जिन्होंने अपने स्वर और ध्वनियों से गीत को जीवित किया है। इसके बोल स्वर्गीय दिनेश कुमार अग्रवाल और पारंपरिक लोक संगीत द्वारा तैयार किए गए हैं। प्रभात गौतम और श्वेता अग्रवाल की आवाजें इस गीत को और भी सुंदर बनाती हैं। जबकि सुनिल भारती की ढोलक, रीतेश अग्रवाल की कीबोर्ड, अभिनव गुप्ता की बेस और इलेक्ट्रिक गिटार के साथ साथ शिवानी भंडारी के बैकिंग वोकल्स ने इसे संगीत की एक अद्भुत कृति बना दिया है।

बतादें कि इस गीत को अड्विन स्टूडियो में रिकॉर्ड किया गया और प्रभात गौतम और परमीत सिंह द्वारा म्यूजिक प्रोड्यूस किया गया। आशीष मोहनती ने इसे मिश्रित और मास्टर किया, जो इसे एक प्रफेशनल ध्वनि देता है। उनके निर्देशन में चंदन युवराज का क्रिएटिव विजन और दिनकर सिंह परमार की सिनेमैटोग्राफी ने वीडियो को और भी आकर्षक और सजीव बना दिया है। बल्ब स्टूडियोज द्वारा प्रोड्यूस किए गए इस वीडियो में शारदा क्रिएशन्स ने कॉस्ट्यूम और शुभम पांडे और ऋषभ पांडे ने कवर आर्ट और सेट डिजाइन पर काम किया।

## उप मुख्यमंत्री ने आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन की वृहद समीक्षा की



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना नागरिकों के लिए एक प्रभावी स्वास्थ्य सुरक्षा चक्र है। इसका लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक आसानी से पहुँचे, इसके लिए यह सुनिश्चित किया जाए कि उन क्षेत्रों में भी उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्थानों को योजना से संबद्ध किया जाए, जहाँ वर्तमान में उन्नत चिकित्सा सुविधाएं सीमित हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक स्वास्थ्य संस्थानों को एम्पेनेलमेंट के लिए प्रोत्साहित किया जाए, ताकि राज्य के प्रत्येक नागरिक हर क्षेत्र तक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मंत्रालय में आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन की वृहद समीक्षा की। उन्होंने योजना के सुचारू संचालन, सतत निगरानी और अधिकतम हितग्राहियों तक इसका लाभ पहुँचाने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने योजना अंतर्गत लंबित भुगतानों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक बजटीय प्रावधान हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में अब तक 1 करोड़ 8 लाख परिवारों के 4 करोड़ 27 लाख हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। वर्तमान में 1,067 स्वास्थ्य संस्थान योजना अंतर्गत पंजीकृत हैं। योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 2,360 करोड़ रुपये के हितलाभ हितग्राहियों को प्रदान किये गये हैं। सीईओ आयुष्मान डॉ. योगेश भरसट सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एमपी स्टार्टअप पॉलिसी 2025 के साथ नवाचार व समृद्धि के नए युग की शुरुआत

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**मध्यप्रदेश स्टार्टअप पॉलिसी और कार्यान्वयन योजना 2025 के शुभारंभ के साथ आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को नई गति मिलेगी। यह नीति ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, भोपाल में राज्य को भारत के अगले बड़े स्टार्टअप हब और वैश्विक नवाचार पावर हाउस के रूप में प्रदर्शित करेगी। यह नीति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मध्यप्रदेश स्टार्टअप पॉलिसी 2025 की विशेषताएँ - स्टार्टअप के जीवन चक्र के प्रत्येक चरणों में (आईडीएशन, वैलीडेशन, अर्ली स्टेज, ग्रोथ) नीति के माध्यम से सहायता, आन्टेप्रेन्योर-इन-रेसिडेंस (ईआईआर) प्रत्येक स्टार्टअप को 12 महीने तक की अवधि के लिए 10,000 रुपये प्रति माह की वित्तीय



सहायता, वृहद स्तर पर निवेशः रु.100 करोड़ का स्टार्टअप कैपिटल फंड और प्रति स्टार्टअप अधिकतम रु. 30 लाख तक का सीड अनुदान, उत्पाद-आधारित स्टार्टअप्स के लिए विशेष लाभः विद्युत शुल्क में छूट, रोजगार सृजन प्रोत्साहन और विद्युत टैरिफ में प्रतिपूर्ति सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान और ऋण गारंटी शुल्क प्रतिपूर्ति। डिजिटल मार्केटिंग एवं आयोजन सहभागिता सहायता। प्रमुख शहरों में अत्याधुनिक मेगा इंक्यूबेशन सेंटर, सेटेलाईट सेंटर, को-वर्किंग स्पेस और नवाचार-आधारित क्षेत्रीय क्लस्टर स्थापित करना। एक्सेलेरेशन और हैकाथॉन प्रोग्राम से नवाचार को उद्यमों में बदलने में सहायक। मध्यप्रदेश स्टार्टअप एडवाइजरी काउंसिल स्टार्टअप उद्योग जगत के अग्रणी और - वैश्विक निवेशकों का एक समूह स्टार्टअप्स को दीर्घकालिक स्थिरता प्रदान करेगी। मध्यप्रदेश नई स्टार्टअप नीति से प्रगति, समृद्धि और असीम संभावनाओं का एक नया अध्याय लिख रहा है।

म.प्र. एमएसएमई को औद्योगिक भूमि एवं भवन आवंटन तथा प्रबंधन नियम संशोधन किये गये हैं। तदुनुसार प्रमुख संशोधन विकसित एवं विकसित किये जाने वाले औद्योगिक भूखंडो का आवंटन "प्रथम आओ प्रथम पाओ" पद्धति के स्थान पर "ई-बिडिंग" पद्धति से होगा। अविकसित भूमि का आवंटन "प्रथम आओ प्रथम पाओ" पद्धति के स्थान पर ऑनलाइन पद्धति से। फ्लैटेड इण्डस्ट्रियल एरिया / काम्पलेक्स का निर्माण एवं आवंटन का नवीन प्रावधान में उपरोक्त संशोधनों के पश्चात भूमि का आवंटन सरल, पारदर्शी एवं ऑनलाईन तरीके से त्वरित गति से होगा।

म.प्र. एमएसएमई विकास नीति 2025 लागू की गई है जिसके तहत निवेश पर 40 प्रतिशत तक की सहायता, नए उद्योगों में नवकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन, अनुसूचित जाति/जनजाति, महिला उद्यमी इकाई को 48 प्रतिशत की सहायता है। निजी भागीदारी से औद्योगिक क्षेत्र / क्लस्टर / बहुमंजिला औद्योगिक परिसर के विकास के लिए अधिकतम 40 करोड़ रूपये तक सहायता है। पिछड़े विकासखण्डों में 52 प्रतिशत तक की सहायता है। प्रथम बार एफडीआई प्राप्त करने वाली इकाईयों को अतिरिक्त सहायता का प्रावधान है। निर्यातक इकाई को निवेश पर 52 प्रतिशत तक की सहायता, निर्यात हेतु माल परिवहन (नवीन प्रावधान) पर अधिकतम दो करोड़ रूपये की सहायता, निर्यात हेतु प्रमाण पत्र पर 50 लाख रुपए की सहायता, एमएसएमई को निर्यात नीति 2025 का लाभ मिलेगा। इससे मध्यम इकाई को 100 से अधिक रोजगार देने पर डेढ़ गुना अनुदान, रोजगार सृजन सेक्टर में प्रति कर्मचारी 5000 प्रति माह 5 वर्ष हेतु एवं कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु 13000 रूपये की सहायता का प्रावधान है। लीन मैनुफेक्चुरिंग, टेस्टिंग लैब, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर हेतु सहायता, स्टॉक एक्सचेंज में एमएसएमई लिस्ट करने हेतु अधिकतम 40 लाख रूपये, सेवा क्षेत्र में पहली बार सहायता इसमें लॉजिस्टिक, सर्कुलर ईकोनोमी (रिसाईकलिंग हेतु 2 करोड़ रूपये तक सहायता), मोटर यान स्क्रेपिंग ( 3 करोड़ रूपये तक सहायता) शामिल है। पर्यावरण संतुलन हेतु एमएसएमई इकाईयों को अधिकतम 3 करोड़ रूपये तक सहायता तथा एमएसएमई को रिसर्च एंड डेव्लपमेंट पर अधिकतम 25 करोड़ रूपये तक की सहायता के साथ मेडिकल डिवाइस, फुटवियर पर भी विशेष पैकेज है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।